अनोखा व्यक्ति

आइये हम बस कुछ क्षण के लिए खड़े ही रहे। बहुमूल्य प्रभु, हम फिर से आपकी दिव्य उपस्थिति में आते है प्रार्थना के जरिये से, सबसे पहले, उन सभी बातों के लिए धन्यवाद देते है जो आपने हमारे लिए की है, और उस महान प्रेम के लिए जो हमारे ह्रदय में आपके और वचन के लिए है। प्रभु, ये लोग, जो आज रात, जिसे मैं अपने पूरे ह्रदय से प्रेम करता हूं, उन्होंने बलिदान को किया है और एक गर्म कमरे में बैठने के लिए आये हैं, और जो कुछ भी है, क्योंकि वे आपके वचन से प्रेम करते हैं।

2 और हम बीमारो और जरूरतमंदों के लिए आज रात प्रार्थना करने आये हैं, प्रभु। होंने पाए वहां इस सभा के अंत में हमारे बीच में एक भी कमजोर व्यक्ति न हो। उन्हें उनके विश्वास योग्य होने के लिए प्रतिफल दीजिये, प्रभु। हमसे आपके वचन में से होते हुए बात करें, और हमें शक्ति प्रदान करे, प्रभु, जैसे हम निंदा को सहते हुए बढ़ रहे है। ऐसा करने का क्या ही सौभाग्य है! हम यीशु के नाम से मांगते है। आमीन। बैठ सकते है।

3 निश्चय ही, मैं शब्दों को नहीं पा सकता हूं, जिससे कि मैं इस तरह के लोगों के झुण्ड के प्रति आभार को व्यक्त करूं, जो आकर और इस इमारत में बैठे हुए है। मैं, यह कहना चाहता हूं कि, कल... या, हम आगे सभा को करने के लिए टोपेका, कंसास के लिए जा रहे है, और यह आने वाले रविवार को समाप्त हो जाएगी। और फिर हम वहां से फिलेदेफिया चले जायेंगे।

और, अब, हमें विदेशो में जाना होगा, वहां केन्या के लिए, और तेंगननियका, और युगांडा के लिए जो वहां की जनजातियां है। और अब उनका मऊ मौस के साथ कुछ विद्रोह हो रहा हैं। मैं एक मिशनरी के रूप में वहां नहीं जा सकता हूं, लेकिन मैं एक शिकारी के रूप में जाने की कोशिश करूंगा। वहां जाना है, और वे तैयारी कर रहे हैं।

4 आमतौर पर, मैं वहां एक मिशनरी के रूप में जाता रहता हूं और शिकार करता हूं, इस बार मैं शिकार करने जा रहा हूं, और मिशनरी के काम करूंगा। सो, वहां—वहां, मुझे उनके लिए किसी भी तरह से भी जाना है। और भाई मैट्ससन बोज तब उस काम पर हैं, वे मेरे लिए एक शिकार यात्रा का प्रबंध

करने की कोशिश कर रहे हैं, जिसमें मैं शिकार करने के लिए जाऊं। तो ठीक है, तब, मैं इस शिकार यात्रा पर आऊंगा, फिर वो बतायेंगे, "हमारे भाई ब्रंहम इस देश में है।" वहां राजदूत के पास जाकर कहेगा, "क्या यह ठीक होगा यदि हमने बस यहां एक छोटी सी सभा को आयोजित करे? " समझे? तब इसे आरंभ करके, और बस इसे जारी रखेंगे। सो हम नहीं जानते कि ये होने जा रही है या नहीं, हम ऐसा करने में सक्षम होंगे या नहीं। हम कोशिश कर रहे है। और मैंने प्रभु से माँगा है कि क्या ऐसा कुछ है जिसे वो नहीं कर सकता हैं तब यह मेरे लिए एक चिन्ह होगा कि मुझे यहां वापस जेफ़रसनविल में आकर और *सात तुरहियों* को प्रचार करना होगा, साथ ही यहां जुलाई या अगस्त के आस–पास।

5 और फिर, यदि हम करते हैं, तो हम आज देख रहे हैं कि हम इस स्कूल के कमरे को लेने का प्रयास करेंगे जो वातानुकूलित हैं, क्योंकि यह वास्तव में अच्छा और ठंडा रहेगा। बैठने की कुर्सियां पंद्रह से अठारह सौ लोगो के लिए है। और यह वातानुकूलित है, बिल्कुल नयी जगह है, जो बस लगभग पाँच वर्ग स्क्वायर के ऊपर है। और एक बार हमने इसके लिए मांगा है, और वे हमें इसे नहीं दें रहे है। और वो व्यक्ति जो हमें इसे नहीं दे रहा है उसने उसे बोर्ड पर डाल दिया है। अब, वो व्यक्ति जो अब वहां पर है, वह कहता है कि हमें कभी भी मिल सकता है, जब हमें चाहिए। तो हम—हम इसे पाकर बहुत खुश होंगे। और इसलिए हम हो सकता है अभी ले या जुलाई के समय में सकते हैं, और... कितने लोग प्रार्थना कर रहे है, यदि अब प्रभु की इच्छा होगी तो, क्या हमें कोई रोकेगा? [सभा कहती हैं, "आमीन।"—सम्पा।]

6 आप जानते हैं, मुझे एरिज़ोना पसंद है। यह एक बहुत ही अच्छा देश है। मैंने हमेशा वहां होने की इच्छा की है।

क्या आप उसे थोडा सा और जोर लगायेंगे, भाई बेन, यदि आप चाहे तो, यदि... ओह, यह... जी हाँ, श्रीमान। हाँ। या, जो कोई भी वहां पर है, वह थोड़ा सा आगे बढे, क्योंकि मैं फिर से वापस आ रहा हूं... [कोई कहता है, "टेप करो, भाइयों।"—सम्पा।] क्या कहा? ["यह केवल टेप के लिए है।"] ओह, केवल टेप के लिए है। ओह, यहां पर एक और है जो यहां पर है। मुझे क्षमा करे। तो ठीक है, भाई बेन। सो मैं...

7 एरिजोना से वापस आते हुए, यहां आकर, मौसम में बदलाव के कारण इससे बस मेरा गला कर्कश हो जाता है। यहां हमारे पास लगभग सत्यासी से नब्बे या कभी–कभी सौ प्रतिशत नमी होती है। और वहां यह शून्य पर पहुंच जाता है, और फिर कभी–कभी, औसतन, एक प्रतिशत का दसवा हिस्सा नमी होता है। आप बस ऑक्सीजन के तम्बू के नीचे रह रहे हैं। और फिर यहां उसके नीचे से बाहर आते है, तो आप जानते हैं कि इससे आप में कितना फर्क दिखाई पड़ता है। तो इससे आपको आवाज और इत्यादि में परेशानी उठानी पड़ती है।

जहां यह था वहां से इसे खींच ले, यदि आप चाहे, तो भाई बेन। मैंने इसे ऊपर खींचने में गलती की। मैंने सोचा ऐसा था, लेकिन *यहां* ऊपर है जहाँ पर उन्होंने इसे रखा है।

8 अब आप में से हर एक जन हमारे लिए प्रार्थना करे। मैं आपकी सराहना करता हूं। बिली मुझे बता रहा था कि कोई तो हमारे लिए आड़ू के फलो की टोकरी लाया है, और बस उस छोटे से उपहार को जो आप... मेरे पास अब आपको धन्यवाद देने के लिए शब्द नहीं है। मैं—मैं नहीं जानता कि यह कैसे करना है। और मैं—मैं इस तरह की चीजों को आपसे लेने के लिए बहुत अयोग्य महसूस करता हूं। मैं प्रार्थना करता हूं कि परमेश्वर आपको आशीष दे, और मैं जानता हूं कि वह देगा, क्योंकि उसने कहा, "तुम ने जो मेरे इन छोटे से छोटे भाइयों में से किसी एक के साथ किया, वह मेरे ही साथ किया।" और परमेश्वर आपको आशीष देगा, मुझे पक्का है।

9 और एरिज़ोना इतना अच्छा देश होने की वजह, वो एक चीज है जो मुझे याद आती है, वह है, आप सारे लोग। यह सही बात है। मैं—मैं आप सभी को याद करता हूं। मुझे चिता नहीं है कि मैं कहीं भी जाऊं, मैं—मैं... यह ऐसा नहीं है, ये वहां आप नहीं होते है। मेरे, हर जगह संसार भर में मित्र हैं, लेकिन यह—यह वहां आप सभी नहीं होते है। इस छोटे झुण्ड के बारे में कुछ तो है जो बस... मैं नहीं जानता। मैं उनके बारे में सोचता हूं।

10 और टूयसान में, यह एक पर्यटको का शहर है, आप जानते हैं, और कलीसियाये अपनी ओर खींचती रहती हैं, आप जानते हैं। यह एक तरह से कठिन बात है। ना ही वे बहुत आत्मिक लोग है; और, क्योंकि वहां प्रतिस्पर्धा है, जो बहुत ही ज्यादा है; और इससे ये कठिन हो जाता है। यदि मैं आप सभी के साथ हो सकता, साथ ही कलीसिया, तो वहां पर रह

लेते, मैं सोचता हूं कि यह ठीक होता। समझे? लेकिन मैं सोचता हूं, जब तक यह एक कलीसिया बनी रहती है, और आप सब अब भी आ रहे है, मैं फिर भी यहीं पर रहूंगा, जब तक यीशु नहीं आता है।

11 तो मेरे लिए प्रार्थना करना, जैसा कि मैंने कुछ समय पहले कहा था। मेरा मतलब इसे फिर से दोहराने से नहीं था, लेकिन जब मैं आपके सामने आता हूं, मैं—मैं बैचेन जाता हूं, और मैं हताश हो जाता है, और भावुक हो जाता हूं, और अनिश्चित स्वभाव वाला भी हो जाता हूं। मैं आरंभ से ऐसा ही हूं, इसलिए मैं... तो यह मुझे अंदर तक तोड़ देता है। लेकिन यह जानकर कि मैं जहाँ कहीं भी जा सकता हूं... मेरा धरती पर ऐसा एक—एक झुण्ड नहीं है, जिसे मैं जानता हूं जो इस झुण्ड की तरह मुझसे जुड़ा हुआ है। होने पाए—होने पाए परमेश्वर हमें हमेशा के लिए इतना एक साथ कर दे, कि, आने वाले राज्य में, हम एक साथ हो सके; मेरी प्रार्थना है।

12 यहां दरवाजे पर बैठा हुआ, बिल डौच से कुछ क्षण पहले बात कर रहे था किसी को वापस मसीह की ओर फिर से अगुवाही करने से पूर्व, दूसरे कमरे में। लेकिन वहां बैठकर मैं उससे बात कर रहा था, वो इक्यानवे वर्ष का था, उसने कहा, "मैं—मैं कमजोर हो रहा हूं। मेरी आंखें वैसी नहीं हैं जैसी उन्हें होनी चाहिए।"

और मैं सोचता हूं, कुछ वर्ष पहले, मैं उसके पास आया था जब उसे पूरी तरह से ह्रदय का दौरा पड़ा था और ह्रदय में रूकावट थी, वो मर रहा था। और वही डॉक्टर जो उसका चिकित्सा कर रहा था, कहा कि वह ठीक नहीं हो सकता, वो डॉक्टर मर चुका है। और बिल डौच यहां बैठे हुए है, जो इक्यानवे वर्ष के है। मैंने कहा, "बिल, तुम्हारा धरती में अब और कोई उपयोग नहीं है जहाँ तक कि काम उस प्रकार की चीजे और इत्यादि का सवाल है। लेकिन मैं यह मांगता हूं, 'परमेश्वर आपको शक्ति दे,' क्योंकि आप सभाओं से बहुत प्रेम करते है।" वो इक्यानवे वर्षीय के व्यक्ति एक मोटरगाड़ी से राष्ट्र को पार कर लेते है, गर्मी हो, शुष्क, ठंड, भिन्न–भिन्न बातों में, जो कुछ भी ये है, वे वचन को सुनने के लिए आते है। परमेश्वर उस साहसी प्राण को आशीष दें। अब मैं नहीं...

13 मैंने एक और बात के लिए क्षमा मांगता हूं, जिस तरह से मैंने आपको आज सुबह रोके रखा, तीन घंटे तक। और मैं संदेश का निर्णय नहीं ले पा रहा था, क्योंकि मैंने इसे काटा है, और इसके भाग को छोड़ दिया है,

और इसका कुछ भाग छोड़ना पड़ा, और इत्यादि। यही वो कारण है कि मैंने उन्हें टेप को रोकने के लिए कहा। मैं इसे फिर से कहीं तो ले लूंगा जहां वातावरण ठंडा हो या इसी तरह से कुछ। और मैं—मैं—मैं आत्मा को महसूस कर सकता हूं, लेकिन मैं आपको देख रहा हूं और और जानते हुए कि आप पंखो को हिला रहे है और आपको बहुत गर्म हो रहा हैं, और—और यह बात मुझे तोड़ कर टुकडे कर देती है। मैं नहीं चाहता कि परेशानी से गुजरे; मैं—मैं चाहता हूं कि आप आराम से हो। समझे? और यह मुझे थका देता है।

14 जैसे, मैं बीमार लोगों को देखता हूं; यदि मैं—यदि मैं उन बीमार लोगों के प्रति अहसास को नहीं रख सकता हूं, तो मैं उनका कुछ भला नहीं कर सकता हूं। मुझे—मुझे उनके प्रति अहसास होना चाहिए। और इसी तरह से आपके साथ—साथ है; मुझे—मुझे आपके प्रति अहसास होना चाहिए, या तो मैं आपका भाई नहीं हो सकता। समझे? मुझे—मुझे आपके प्रति अहसास होना चाहिए। और, मैं यह करता हूं; प्रभु जानता है कि यह सच है।

15 और अब, आज रात, मैं बीमारों के लिए प्रार्थना करूंगा।

और मैं चाहता हूं... पुरुष को, और इन पुरुषो को आशीष देना, और भाई कोलिन्स, और हिकर्सन, भाई नेविल, ब्रदर कैप्स, खजांची, और वे सारे, उस अच्छी रिपोर्ट के लिए जो कलीसिया से आ रही है, आप किस तरह कलीसिया व्यवस्था में स्थित कर रहे हैं, और हर एक चीज अपने सही स्थान में आ रही है। मैं आप लोगों का आभारी हूं। उस व्यवस्था को बनाये रखने की कोशिश करने के लिए प्रभु आपको आशीष दे। और मेरे पास ख़त के बाद ख़त ट्यूसान में से आ रहे है, "भाई ब्रंहम, यह ऐसा नहीं है जैसा ये पहले हमेशा हुआ करता था। यह बिल्कुल ही भिन्न है, क्या ही प्रभु की उपस्थिति का धन्य अनुभव होता है।" और मैं—मैं इसके लिए आभारी हूं। प्रभु हमेशा आपको आशीष दें!

16 फिर, अब, आज रात, मैं यहां वचन को कुछ जगह से पढ़ रहा था, हो सकता है प्रचार करने के लिए कुछ ही वचन को रखूंगा, और वचन को पढ़ूंगा, और उसके बाद हो सकता है कुछ वचनो को लूंगा, आपसे कुछ समय के लिए बात करूंगा और फिर बीमारों के लिए प्रार्थना करूंगा। ज्यादा नहीं लेकिन कुछ ही समय के लिए; मैं घड़ी को देख रहा हूं, और

मैं इसे जल्द से जल्द संभव हो इसे करने की कोशिश करूंगा। लेकिन मैं सोचता हूं कि जब लोगों की भीड़ एक साथ इकट्ठी होती है, तो बिना वचन को पढ़े या कुछ किए, कुछ उत्तेजना के शब्द दिए बिना, सभा पूरी नहीं होती।

17 आप में से बहुत से लोग रुके रहे। आप में से बहुतों ने आज रात तक यहां होने के लिए मीलों का सफ़र तय किया है। मैं किस तरह से इसकी प्रशंसा करूं! मैं किस तरह से नजर डालता हूं और हर एक को देखता हूं, और इस पर सोचता हूं... वहां एरिजोना में, मैं सोचता हूं, "जब मैं उसे फिर से देखूंगा, तो मैं सीधे वहां पर चल कर जाऊंगा और उसके हाथ मिलाकर, उसे गले से लगाऊंगा।" और यहां पर आप बैठे हुए होते हैं, और किसे, मैं कहाँ से कर आरंभ कर सकता हूं, आप जानते है? नहीं जानता कि किस से शुरू करूं, और किससे... इसे कैसे करूं। लेकिन, जी हाँ, मैं आपसे प्रेम करता हूं। प्रभु भी आपसे प्रेम करता है।

18 अब मैं सोचता हूं, यदि मैं गलती नहीं कर रहा हूं तो, यदि मैंने गलत वचन को नहीं लिया है जो यहां पर रखा है, मैं पहले कुरिन्थियों से पढ़ना चाहता हूं, पहला अध्याय, 18 वें पद से आरंभ करते हुए, और दूसरा कुरिन्थियों का 12:11 भी पढ़ूंगा, एक विषय को लेने के लिए। अब मैं उन्हें जल्दी से देख सकता हूं, और तब हम पढ़ेंगे, और उसके बाद प्रार्थना करके और हम सीधा आरंभ करेंगे, बस छोटे से विषय पर कुछ मिनट के लिए आप से बात करते हुए। पहला कुरिन्थियों, पहले अध्याय में, 18 वे पद से आरंभ करेंगे।

> *क्योंकि क्रूस की कथा नाश होने वालों के निकट मूर्खता है, परन्तु हम उद्धार पाने वालों के निकट परमेश्वर की सामर्थ है।*
>
> *क्योंकि लिखा है, कि मैं ज्ञानवानों के ज्ञान को नाश करूंगा, और समझदारों की समझ को तुच्छ कर दूंगा।*
>
> *कहां रहा ज्ञानवान? कहां रहा शास्त्री? कहां इस संसार का विवादी? क्या परमेश्वर ने संसार के ज्ञान को मूर्खता नहीं ठहराया?*

क्या मैं फिर से इसे बोल सकता हूं? "क्या परमेश्वर ने संसार के ज्ञान को मूर्खता नहीं ठहराया? " इस संसार का ज्ञान क्या है? मूर्खता।

... क्या परमेश्वर ने संसार के ज्ञान को मूर्खता नहीं ठहराया?

क्योंकि जब परमेश्वर के ज्ञान के अनुसार संसार ने ज्ञान से परमेश्वर को न जाना, तो परमेश्वर को यह अच्छा लगा, कि इस प्रचार की मूर्खता के द्वारा उन जो विश्वास करने वालों को उद्धार दे।

क्या मैं फिर से इस पद को पढ़ सकता हूं? ध्यान से सुनना।

क्योंकि जब परमेश्वर के ज्ञान के अनुसार संसार ने ज्ञान से परमेश्वर को न जाना, तो परमेश्वर को यह अच्छा लगा, कि इस प्रचार की मूर्खता के द्वारा विश्वास करने वालों को उद्धार दे।

क्योंकि यहूदी तो चिन्ह चाहते हैं... और यूनानी ज्ञान की खोज में हैं:

परन्तु हम तो उस क्रूस पर चढ़ाए हुए मसीह का प्रचार करते हैं जो यहूदियों के निकट ठोकर का कारण, और अन्यजातियों के निकट मूर्खता है;

परन्तु जो बुलाए हुए हैं क्या यहूदी, क्या यूनानी, उन के निकट मसीह परमेश्वर की सामर्थ, और परमेश्वर का ज्ञान है।

क्योंकि परमेश्वर की मूर्खता मनुष्यों के ज्ञान से ज्ञानवान है; और परमेश्वर की निर्बलता मनुष्यों के बल से बहुत बलवान है।

19 और दूसरे कुरिन्थियों में, 12 वा अध्याय, 11 वा वचन, पौलुस बोल रहा है।

मैं मूर्ख तो बना, परन्तु तुम ही ने मुझ से यह बरबस करवाया: तुम्हें तो मेरी प्रशंसा करनी चाहिए थी, क्योंकि यद्यपि मैं कुछ भी नहीं, तौभी उन बड़े से बड़े प्रेरितों से किसी बात में कम नहीं हूं।

20 आइये हम प्रार्थना करें। प्रभु यीशु, इन कुछ शब्द को जोड़ने के लिए, आज रात, जो, बीते हुए दिनों में बोले गये है, महान प्रेरित पौलुस के द्वारा, जिससे कि हम उन्हें आज रात सुनने के द्वारा फल–फुल सके, उन्हें हमारे जीवन के लिए लागू करके, जिससे हम परमेश्वर की हाथो की रचना बन सके, उस बनावट में बने जिसमें होने के लिए उसने हमारे लिए चुना है। क्योंकि हम इसे यीशु के नाम में मांगते हैं। आमीन।

21 मैं आज रात को कुछ मिनटों के लिए प्रचार करने जा रहा हूं, प्रभु में चाहा तो इस विषय पर: *अनोखा व्यक्ति*। अब, इस विषय को लेना एक बहुत

ही रुखा–रुखा, अभद्र है, लेकिन मैं सोचता हूं मैं इसे लगभग उस तरह के वर्ग से बताऊंगा जिस तरह मैं इसे व्यक्त करना चाहता हूं।

22 आप जानते हैं, आज ऐसी बहुत सारी चीजें हैं, जिससे लोग *अनोखे व्यक्ति* बन गये हैं, जिसे हम बुलाते हैं। और वो हाव–भाव, यदि किसी ने इसे कभी नहीं सुना है, तो इसका मतलब कुछ तो है जो "अजीब," सा है कोई तो "अनोखा" है, किसी और व्यक्ति के लिए अनोखा है। और इसमें कोई संदेह नहीं है, लेकिन हम में से बहुत से एक से दूसरे के लिए अनोखे होते हैं।

23 और, अब, मैं एक समय लॉस एंजेलीस, कैलिफोर्निया में सड़क पर जा रहा था, और मैंने एक बहुत ही अनोखे व्यक्ति को देखा, जो अनोखा व्यवहार कर रहा था। और वह वहां सड़क पर चलकर जा रहा था, वो ना ही पथराव कर रहा था, लेकिन वह तो केवल जैसे दोपहर की सैर को कर रहा था। और मैं उस रास्ते के दूसरी तरफ गया, यह देखने के लिए कि वह क्या कर रहा है। हर कोई मुड कर और उसके अनोखेपन की वजह से, उस पर हंस रहा था।

मैंने ध्यान दिया कि उसके सामने एक तख्ता लटका हुआ था। और मैंने सोचा कि मैं उसे देखूंगा कि हर कोई इस अनोखे, अजीब व्यक्ति के विषय में क्यों हंस रहा था। और सो वह... मैंने उस पर ध्यान दिया जब लोगों ने उसे देखा, वे उस पर हंसने लगे, और—और, लेकिन उसकी एक अलग ही तरह की मुस्कान थी, उसकी संतुष्टी की एक मुस्कान लग रही थी। दुसरे लोगो की मुस्कुराहट, जो लोग उसे दे रहे थे, वो अधिक थी जैसे कि उसका उपहास उड़ा रहे हो, लेकिन वह जो कर रहा था उसमें संतुष्ट लग रहा था।

24 जो भी हो, इसके बारे में सोचना ही बहुत कुछ है, जब एक मनुष्य संतुष्ट होता है, जो वह क्या कर रहा है वो सही है। भले ही वह किसी और के लिए एक अनोखा व्यक्ति हो, यदि वह संतुष्ट है कि वो जो कर रहा है वो सही है, तो उसे उसी के साथ बने रहने दे।

और जब मैं उस छोटे से व्यक्ति के पास आया, मैंने देखा... यहां उसके सीने के ऊपर, एक तख्ता या एक बोर्ड पर लिखा हुआ था, "मैं मूर्ख हूं," और नीचे, लिखा था, "मसीह के लिए।" "मैं एक मूर्ख हूं," बड़े

अक्षरों में; नीचले भाग में, कहा, "मसीह के लिए।" और हर कोई इस पर हंस रहा था।

25 और जब ये छोटा सा मनुष्य मजाक उड़ाने वालो की भीड़ में से होते हुए आगे जा रहा था और आगे बढ़ने लगा, मैं देखने के लिए मुड़ा कि उसकी पीठ पर क्या था। और उसकी पीठ पर बहुत बड़ा प्रश्न चिन्ह था, और नीचे की ओर, कहा, "अब तुम किसके लिए मूर्ख हो? "

26 तो ठीक है, मैंने—मैंने सोचा कि उसके पास वहां पर कुछ तो है, आप देखना, लेकिन वह संतुष्ट दिखा कि वह मसीह के लिए मूर्ख हो सकता है। और यही है जो पौलुस ने कहा कि वो मसीह के लिए "एक मूर्ख," बन गया था।

27 भाई ट्रॉय, फुल गॉस्पेल बिजनेसमेन के है, वे मेरे एक बहुत अच्छे मित्र है, वो—वो एक मांस काटने वाले हैं। और सुअर को काटने से एक बार उसके हाथ में किसी तरह का जीवाणु आ गया। कुछ पुरुष, या महिला, को यह मालूम होगा कि वो जीवाणु क्या होता है; लेकिन यह—यह आपको खा जाता है। तो, अपने जीवन को बचाने के लिए, उन्हें उसकी तीन ऊंगलियों को काटना पड़ा था। और उसके एक हाथ में केवल दो ही ऊंगलियां हैं, लेकिन फिर भी वह कसाई का काम करता है।

28 और वहां एक छोटा सा जर्मन व्यक्ति था, जो उस कसाई की दुकान में उसके साथ काम करता था, वहां लॉस एंजलीस में, सो वो—वो उस छोटे से डचमैन मनुष्य को मसीह के पास अगुवाही करने की कोशिश करता रहा। और उसने कहा कि वो एक "लूथरन" था, और यह उसके लिए पूरी तरह से ठीक था। वह संतुष्ट था कि वो एक मसीही था, क्योंकि वह "लूथरन" कलीसिया का था, जैसा कि उसने बताया था। तो एक रात भाई ट्रॉय को उसे कलीसिया में ले जाने का अवसर मिला।

29 उसका नाम हेनरी था। और जर्मन में हेनरी को, "हेनरिक" कहते है, और इसलिए वे उसे "हेनी" बुलाते है। आपने उस उच्चारण को सुना होगा। उसने कहा, "हेनी, आज रात मेरे साथ कलीसिया में जाने के विषय में कैसा रहेगा? "

30 "ठीक है, " उसने कहा, "मैं सोचता हूं कि मैं चलूंगा।" सो वो उस एक पुराने चाल–चलन की सभा में चले गए, जहां वे प्रार्थना सभा को कर रहे

थे, और वह वास्तव में उस पूर्ण विश्वास के अंदर चला गया, और मसीह के लिए अपने ह्रदय को दे दिया।

ओह, अगले दिन, यह छोटा डचमैन अपने आप में आनंद कर रहा था। हर बार, कुछ समय के बाद, वह बस इमारत में से चलकर जाता, अपने हाथों को हवा में उठाता हुआ, यह कहते हुए, "प्रभु की स्तुति हो! धन्यवाद, प्रभु यीशु!" और उसने सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया था।

31 आप देखते हैं, वह मांस के काटने वालो की दुकानी की पूरी कतार के लिए एक अनोखा व्यक्ति बन गया। और वह मांस को काटता, और वह प्रभु के बारे में सोचना आरंभ करता, और वह रोने लगता। वह चाकू को नीचे रख देता, और गलियारों में यहां–वहां चलता, अपनी भावनाओ को नियन्त्रण किये बिना, लेकिन बस मसीह से प्रेम करते हुए, कहते हुए, "ओह, मैं आपसे कितना प्रेम करता हूं, 'यीशु!'" आप समझते हैं, बस यहां और वहां चलता रहता।

32 और मालिक ने आकर उसे ऐसा करते हुए देखा, और जब वह रोता हुआ नीचे जाता। और, मालिक की ओर, उसने कभी भी मालिक पर ध्यान नहीं दिया; वह यीशु के बारे में सोचता रहता था। और वह नीचे जाने लगा, अपने हाथों से हवा में उठाते हुए, और आँसू उसके गालो पर से बह रहे थे, कहा, "हे प्रभु, मैं आपसे कितना प्रेम करता हूं!"

और मालिक ने कहा, "हेनी, संसार में ऐसा तुम्हारे साथ क्या घटित हुआ है?" उसने कहा, "हर कोई सारी दुकान की कतार में—में इसके बारे में बात कर रहा है। संसार में ऐसा तुम्हारे साथ क्या घटित हुआ है, हेनी?"

33 छोटे डचमैन ने कहा, "ओह, मालिक!" उसने कहा, "प्रभु की महिमा हो, मैं बच गया हूं!"

उसने कहा, "तुम क्या हो गये हो?"

उसने कहा, "मैं बच गया हूं!" उसने कहा, "मैं भाई ट्रॉय के साथ यहां एक छोटे से मिशन के लिए गया था, और मैं—मैं बच गया। और यीशु मेरे ह्रदय में आया, और मैं पूरी तरह से प्रेम से भर गया हूं!"

उसने कहा, "तुम अवश्य ही नीचे वहां उन (पागलो) नटो के झुण्ड में गये हो।"

34 उसने कहा, "हाँ!" कहा, "प्रभु की महिमा हो!" कहा, "उन (पागलो) नटो के लिए प्रभु का धन्यवाद हो!" उसने कहा, "आप जानते हैं, आप रास्ते पर चलने वाली एक मोटर गाड़ी को ले, और आप उसके सारे नटों को उसमें से निकाल दे, तो आपको 'कबाड़' के अलावा कुछ भी नहीं मिलेगा!"

35 तो ठीक है, मैं नहीं जानता, लेकिन छोटा डचमैन जो बस लगभग सही था। सारे नटों को बाहर निकाल दो? वो नट ही होते है, जो इसे एक साथ जोड़े रखते है। और मैं सोचता हूं कि जो कलीसिया को हमेशा एक साथ बनाये रखते है, सभ्यता को एक साथ बनाये रखते है।

36 अब, कुछ दिन पहले प्रेस्कॉट के एक दौरे से नीचे यहां आते हुए, मैं रेगिस्तान को देख रहा था और ध्यान दिया कि फीनिक्स से बाहर उनके पास जापान का बगीचा है, और उनके पास वहां फूल खिले हुए थे, सुंदर फूल थे। जहाँ, जब मैं एक लड़का ही था, मैंने उन स्थानो में से होते हुए गाय–बैल को चराया है। उन गायो के लिए कोई घास नहीं होती थी, तो वे केवल (कैक्टस) नागफनी की फलियों और इत्यादि पर जीवित रहते थे।

37 और फिर मैंने देखा कि वहां एक रेगिस्तान के उपयोग करने के लिए फिर से एक—एक निर्माण को किया गया है। और रेगिस्तान में हम पाते हैं वो, (कैक्टस) नागफनी और फूल होते है। और मेरे घर में, या जिस घर में हम किराये पर रहते हैं; बहन लार्सन, मैं सोचता हूं कि वह आज सुबह यहां पर थी, मैंने उसे देखा था। और उसके घर के—के बाहर एक फूलो का बिछौना बिछा हुआ है; कुछ कीचड़ है। वहां बाहर सब कुछ रेत है, सो उस दो मंजिला के हर एक तरफ एक बड़े फूलों के बिछौनो में कुछ मिट्टी थी। और हर सुबह मैं बाहर जाकर और उन फूलों को पानी देना पड़ता है। यदि मैं उन्हें पानी नहीं देता हूं, तो वे मर जायेंगे। और वे... और उसके बाद, फिर से, मुझे कुछ छिडकाव को करना होगा, और उन्हें छिडकाव करना होगा, ताकि उनसे किटाणुओ को दूर रखे; वे कीड़े उन्हें खा लेंगे।

38 और फिर आप उससे थोड़ा ही आगे की ओर जाये, उससे तीस फीट की दुरी पर जाये, वहां कुछ फूल उगते हैं, और रेगिस्तान में वे बढ़ रहे होते हैं। और वहां आप बीस फीट नीचे खोद सकते हैं और यह विस्फ़ोटक वस्तु की तरह मिलेगा; भूमि में कुछ भी नहीं होता है सिवाय बस मिट्टी के, और

पानी बिल्कुल होता ही नहीं है। और उन पौधों को कौन छिड़काव करता है? समझे?

इन फूल के बिछौनो में, यदि आप उन्हें छिडकाव करने और उन्हें पानी, देना भूल जाते है, दीमक या कीड़े, किटाणु, उन्हें खा जायेंगे। लेकिन वहां रेगिस्तान में किटाणु उस एक को नहीं छू सकता, और न ही उसे हर दिन पालन–पोषण किया जाता है, और न पानी दिया जाता है; वो उत्पादन का निर्माण करने वाला है। यह एक संक्ररित उप–उत्पादन है।

39 और मैं सोचता हूं कि, आज, इसी कारण लोगों के लिए मसीहत एक नट (मुर्खता) बन गया है; ऐसा इसलिए है, क्योंकि हमारे पास उप–उत्पादन का झुण्ड है और सच्चे मसीही नहीं है; एक ऐसा झुण्ड जिसका पालन–पोषण किया जाता है, और छिड़काव किया जाता है, और जिससे वे कलीसिया में बने रहे।

40 मैं पहली कलीसिया की कल्पना कर सकता हूं कि वे क्या थे, और आज इस उप–उत्पादन के साथ तुलना करते हैं। यह एक गिरा हुआ उत्पादन होगा उसकी तुलना में जो वास्तविक पहली कलीसिया थी, जो प्रभु में मजबुत विश्वासी थे, वे पवित्र आत्मा के साथ थे। आपको उनका पालन–पोषण नहीं करना होता है। आपको ना ही उन्हें थपथपाना पड़ता था और उन्हें बताना पडे कि तुम उन्हें *इस* के पास ले जाओगे और यदि वे *इस* एक (कलीसिया) से थक गये है, तो और उन्हें बताये कि वे *इस* एक में ले जायेंगे; और यदि वे इससे थक जाते हैं, तो वे एक दूसरे के पास जायेंगे; और आप उन्हें एक डिकन बना देंगे यदि वे यहां पर आएंगे तो और इस दूसरे को छोड़ दें। यही एक संक्ररित उप–उत्पादन है।

41 मैं माइकल एंजेलो की मूल चित्रकला (पेंटिंग) के बारे में सोच रहा था, मैं सोचता हूं, (वो अंतिम प्रभु भोज की) "द लास्ट सपर।" मैं सोचता हूं कि उसने इसे चित्रित किया है। क्या आपको एहसास है कि उस मूल तस्वीर का क्या मूल्य होगा? यह अनगिनत हजारों डॉलर की होगी, जो उस मूल पेंटिंग को कभी नहीं छुयेंगे, क्योंकि यह कीमत से परे है। इसकी कीमत बहुत ही ऊंची है! लेकिन आप लगभग दो डॉलर में इसके सस्ते उप–उत्पादन को खरीद सकते हैं।

42 इसलिए लोग आज वास्तविक, सच्चे विश्वासियों की मजबूती को नहीं समझ सकते हैं। वे एक नट बन जाते हैं। आप जानते हैं, संसार एक ऐसी

पक्की आदतों में चला गया है इतना तक कि हर बार किसी एक समय पर आपको इसे सीधा करने के लिए आपके पास एक नट (मुर्ख) को होना है। किसी को लेता है जो उस दृश्य पर आये जो कुछ तो अलग ही होता है, और वो उस पीढ़ी के लिए एक नट (मुर्ख) होता है। मैं एक दिन सोच रहा था कि कौन योग्य है?

आज कौन नट (मुर्ख) नहीं है? तुम किसी के लिए तो नट हो। मैं सोचता हूं कि दुनिया पूरी तरह से पागल होती जा रही है। क्या आप जानते हैं कि यह एक ऐसा समय है कि लोगों को सही और गलत, या सच या गलत के बीच निर्णय नहीं कर सकते?

43 क्या आप जानते हैं कि राजनेता सही और गलत का निर्णय नहीं कर सकते हैं? आप उन्हें देखते है वे इस मतदान पर चुप रहते है कि इस कलीसिया में बाइबिल को वापस लाना है मेरा मतलब... स्कूलो में बाइबल को वापस लाना है कि नहीं? वे नहीं जानते कि किस तरफ वे राजनीति झटके को देंगा। इसे सोचे! मुझे नहीं पता कि यह इंडियाना में अब किस तरह से होता है, लेकिन एरिज़ोना के राज्य में यह स्कूल में बाइबल पढ़ना कानून के विरुद्ध है। मैं सोचता हूं कि इंडियाना में उसी तरह से है, लगभग पूरे संयुक्त राज्य अमेरिका में उसी तरह से है, क्योंकि कुछ नास्तिक महिलाओ ने सारे कार्यक्रम को बदल दिया है। और, याद रखें, हमारी आम जनता के स्कूलों में बाइबल पढ़ना कानून के विरुद्ध है, लेकिन विश्वासियों के द्वारा भरे जाने वाला टैक्स पढ़ाये जाने के मत में अविश्वास का समर्थन करता हैं।

44 राजनीति। हमें एक और अब्राहम लिंकन की आवश्यकता है। हमें एक और पैट्रिक हेनरी की आवश्यकता है। हमें एक ऐसे अमेरिकी की आवश्यकता है जो राजनीति की परवाह किए बिना खड़ा हो सके, और सही, को "सही" और गलत, को "गलत" कह सके।

45 क्या आप जानते हैं कि प्रचारक आज जो सही है उसका निर्णय नहीं कर सकते है, परमेश्वर का वचन सही है या संप्रदाय कलीसिया? वे नहीं जानते कि कौन से मार्ग को लेना है। वे सही और गलत के बीच निर्णय नहीं कर सकते। कहते है, "मैं जानता हूं कि बाइबल ऐसा कहती है, लेकिन हमारी कलीसिया कहती है... " देखो, लोग सही गलत का निर्णय करने में सक्षम नहीं हैं। और जो कुछ भी बाइबल के विपरीत है वो गलत है। परमेश्वर

का वचन सच्चा है, और हर मनुष्य का शब्द एक झूठ है, यह इसके विपरीत है। और अब इस तरह के एक—एक—एक समय पर खड़े रहने का यत्न करने पर, और उस बात के लिए खड़े होना जो सही है, तो आप एक नट (मुर्ख) बन जाते है।

आइये कुछ पात्रो के लिए बात करे।

46 मैं भविष्यवक्ता नूह की कल्पना कर सकता हूं, उस महान दिन में, जिसमें वह रहता था; वो बड़ा वैज्ञानिक युग जहां उन्होंने पिरामिड और मिनारो को बनाया था, जहां वे वैज्ञानिक निरिक्षण के द्वारा यह साबित कर सकते थे कि आसमान में पानी नहीं है। यहां ये बूढा मनुष्य वहां पर बाहर आता है, और कहता है, "वहां आकाश से बारिश होने जा रही है।" नूह उस पीढ़ी के लिए नट (मुर्ख) था। वह एक नट बन गया।

47 आइये मूसा के बारे में सोचे। मूसा, जब वह फिरौन के पास गया, जैसा कि हमने आज सुबह बताया था, और मूसा फिरौन के पास जाता है, और कहता है, "प्रभु ने मुझे इन गुलामो को बाहर निकालने के लिए भेजा है," वो हाथ में छड़ी लिए हुए था, उस बड़ी सेना के विरुद्ध जिसने सारी दुनिया पर विजय प्राप्त की थी। फिरौन, उसके सारे विज्ञान के निपुण लोगो ने, उन्होंने सोचा मूसा एक नट था। और, वह उनके लिए एक नट था।

48 मैं भविष्यवक्ता एलिय्याह की कल्पना कर सकता हूं, उसके महान दिनो में, जब वो युग फैशन से भरा हुआ था; जब आहाब और ईजाबेल ने संसार पर राज्य किया, जब ये उन दिनों में था; और सारे फैशन और चीजें जिसे ईजाबेल पहनना चाहती थी, और वह किस तरह से सभी महिलाओं को अपने जैसे कपड़े पहना रही थी, और उसका श्रृंगार, और उसके फैशन, जिस तरह से वो अपना फैशन करती थी। और जब कुछ पुराने सनकी व्यक्ति, जैसे एलिय्याह, वो सामने दृश्य पर आता हैं और सारे राष्ट्र का विरोध करता हैं; आहाब का, वह एक नट था। ये सही है।

49 आमोस, वो नबी, जब वो उस दिन में सामरिया में आता है जब सामरिया आज के हॉलीवुड की तरह था, वे महिलाये सड़क पर, जो कपडे पहनती है और यहां तक कि वो सार्वजनिक व्यभिचार है, वे किस तरह से करते जाते हैं और वहां पर रहते हैं, पुरुष को करने देते हैं...

50 यह ठीक आपके सामने, आज लगभग एक सार्वजनिक व्यभिचार है। मैं एक रात किसी एक स्थान पर चला गया, ताकि खाने के लिए कुछ ले

सकूं, और वहां पर छोटे लड़के और लड़कियों गले लग रहे थे और चुंबन की तरह मैं नहीं जानता जो भी ये था।

और क्या आप जानती हैं, मेरी छोटी बहन, कि ये असल रूप में एक व्यभिचार है? जब एक पुरुष आपको चुंबन करता है, वो संभावित रूप से आप के साथ व्यभिचार कर चूका है। आपको कभी भी उसे चुंबन करने नहीं देना चाहिए, जब तक आप विवाह नहीं कर लेते है, क्योंकि ग्रंथियां, पुरुष और महिला दोनों की ग्रंथियां, होठों में होती है। क्या आप समझ रहे हैं? और जब नर और नारी की ग्रंथियां एक साथ आती हैं, जहां ये हो सकता है ये वहां पर होने डो, आपने असल रूप में व्यभिचार किया है। और आपको एक लड़के को चुंबन करने नहीं देना है जब तक कि वो पर्दा आपके चेहरे पर से उठाया नहीं जाता है और आप उसकी पत्नी न हों। ऐसा ना करे! यह व्यभिचार करना है। यह नर और मादा की ग्रंथियों को मिलाना है।

51 क्यों एक पुरुष, एक पुरुष को चुंबन नहीं करता, स्त्री एक स्त्री को होठों में चुंबन नहीं करती है? क्योंकि ये ग्रंथियों को संक्ररित नहीं करता है। बच्चो का जन्म ग्रंथियों को संक्ररित करके होता हैं।

इसलिए यह लगभग हर कही, फिर से एक सार्वजनिक व्यभिचार है। सिनेमा के पर्दों और हर कहीं आप देखते हैं, एक—एक लापरवाही के कार्य हो रहे है, और एक—एक करते ही जा रहे है। कोई आश्चर्य नहीं है कि अनैतिकता नीचे की ओर जा—जा चुकी है! वे इसे किस तरह कर सकते हैं, और अपने आप को उकसाते है, उन स्त्रीयो को मुंह में चुंबन देने के द्वारा, जानते हुए कि यह व्यभिचार है! परमेश्वर इसे क्षमा नहीं करेगा, जब तक आप पश्चाताप नहीं करेंगे।

52 और अब, जब यह महान नबी ऊपर आता है, आमोस। वो उन छोटे–छोटे नबियो में से एक जाना जाता है क्योंकि वहां उसके लिए बहुत अधिक नहीं लिखा गया था, लेकिन उसके पास प्रभु का वचन था। और उसने उस शहर की ओर देखा, सारे... बगीचो में, वे पुरुष, स्त्रीयो के कंधो पर अपनी बाहों को डाले हुए बैठे रहते है, और स्त्रीयां अपनी बाहों को पुरुषों पर डाले हुए होती है, जो बस एक आधुनिक हॉलीवुड है! और वह उस शहर में से होते हुए वहां चला गया, और कहा, "तुम पश्चाताप करो या नाश हो

जाओ!" वह एक नट था। उसने उनके लिए लगभग खुद को पागल घोषत किया था।

53 यूहन्ना वो बपतिस्मा देने वाला, जब वह दृश्य पर आया। उस दिन के धार्मिक संप्रदायों के लिए, वह एक नट (मुर्ख) था। उसे अपने पिता के नक्शेकदम पर चलने का, एक याजक बनने का अवसर था। लेकिन उसने ऐसा करने से मना कर दिया, क्योंकि प्रभु ने उसे उन संस्था और संप्रदायों से बाहर रखा था, क्योंकि उसका काम बहुत ही महत्वपूर्ण था। उसे मसीहा के आने की घोषणा करनी थी। और जब उसका किसी से लेना देना नहीं था ना ही फरीसी के साथ, ना ही सादूसी, या जो कुछ भी वे थे, उसने उन सारे समूह को अस्वीकार कर दिया, और कहा, "यह कहना आरंभ मत करना कि 'हम अपने पिता अब्राहीम से है,' मैं कहता हूं कि परमेश्वर इन पत्थरों से अब्राहीम की संतान को ऊपर लाने में सक्षम है।" उसके दिनों के धार्मिक संसार के लिए, वो नट था। सही है।

54 जब यीशु दृश्य पर आया। उसके दिनों के धार्मिक लोगों के लिए, वह भी एक नट था। क्योंकि, उन्होंने कहा, "तू एक सामरी हैं। तुम अपने आपे से बाहर हो। तुम एक पागल व्यक्ति हो," दूसरे शब्दों में, "एक सनकी व्यक्ति" हो। वह उन लोगों के लिए ऐसा था, जो तुम्हारा प्रभु और उद्धारकर्ता है।

कोई आश्चर्य नहीं कि, पौलुस, गमलीएल के द्वारा प्रशिक्षित एक याजक था, उसके पास किसी दिन एक महायाजक बनने का अवसर हो सकता था। और उसके दमिश्क के मार्ग पर, वह एक अलौकिक प्रकाश के द्वारा नीचे गिर पड़ा था। और उसने देखा, एक यहूदी होने के नाते, और वो जानता था कि अग्नि का स्तंभ जो उसके लोगों का नेतृत्व कर रहा था। उसने कहा, "प्रभु, आप कौन है?"

और उसने कहा, "मैं यीशु हूं।"

55 और जब उसने अपनी शिक्षा को त्याग दिया, उस ने अपने सारे धर्मज्ञान को त्याग दिया जिसे उसे स्कूलों में प्रशिक्षित किया गया था, और एक नियमित, सड़क पर प्रचार करने वाला बन गया, वो एक नट था। उसने कहा, "मैं एक मूर्ख बन गया हूं।"

56 और लोगों ने सोचा कि वह पागल था, अपने आपे से बाहर। उसने फेस्तुस को बताया, "मैं पागल नहीं हूं।" वह केवल प्रभु को जानता था। लेकिन एक धार्मिक झुण्ड में प्रभु को जानना...

मैं आशा करता हूं कि आप इस बात से नहीं चुकेंगे। इस दिन में यीशु को जानना, एक धार्मिक झुण्ड के बीच, तो आप एक नट होते हैं। यह नहीं बदला है। मैं इस पर बहुत देर तक बना रह सकता हूं, लेकिन मैं—मैं प्रार्थना की पंक्ति के लिए जल्दी करना चाहता हूं।

57 मार्टिन लूथर, वह छोटा सा जर्मन याजक, जो एक दिन प्रभु भोज को तैयार कर रहा था, उसे नीचे कदमो में फेंक दिया, और कहा, "यह यीशु मसीह की देह नहीं है। यह तो केवल रोटी है जिसे वहां पीछे बनायी जाती है।" और उसने घोषित किया, कि, "धर्मी जन विश्वास से जीवित रहेगा।" कैथोलिक कलीसिया के लिए वो एक नट (मुर्ख) था। वे उसके लिए उसे मार सकते थे, लेकिन, वह एक नट था, और उन्होंने उसे बस ऐसे ही छोड़ दिया। लेकिन, वह उस पीढ़ी के लिए एक नट बन गया।

58 जॉन वेस्ली, इंग्लैंड के बड़े अनैतिकता के समय के दिनों में। जब यदि वेस्लीयो की बेदारी दृश्य पर नहीं आयी होती थी... सारा संसार भ्रष्ट हो गया था, हर जगह अनैतिकता थी। और एंग्लिकन कलीसिया उस वक्त इतनी दूर चली गयी थी इतना तक कोई भी और बेदारी नहीं थी; केल्विनवादी इस तरह सोच रहे थे! और जॉन वेस्ली दृश्य पर आता हैं, उस—उस पवित्रीकरण के वचन के साथ, अनैतिकता को साफ़ करता है। वह एक नट बन गया।

59 श्रीमान वेस्ली ने एक बार कहा, उसके किताब में से हवाला देते हुए। वह एक रास्ते पर से आ रहा था, और उस इंग्लैंड की कलीसिया का एक व्यक्ति... उन सभी ने सोचा कि वह पागल था, सो वह रास्ते पर खड़ा था। श्रीमान वेस्ली थोडा छोटे कद का मनुष्य था। इस बहुत बड़े व्यक्ति ने सोचा कि वह अब उसे धक्का देकर नीचे गिरा देगा, तो वह रास्ते में खड़ा हो गया था। श्रीमान वेस्ली वहां से चलकर जा रहा था और कहा, "मुझे क्षमा करें, श्रीमान, क्या आप रास्ते से हटेंगे? मैं जरा जल्दी में हूं।"

और एंग्लिकन ने उससे कहा, "मैं मूर्ख जन के लिए रास्ते से नहीं हट सकता हूं।"

60 श्रीमान वेस्ली ने विनम्रतापूर्वक अपनी टोपी को उतारा, उसके पास से चला गया; कहा, "मैं हमेशा ही ऐसा हूं।" सो, आप देखते हैं, यही वह एक था जो नट (मुर्ख) था; वो एक मसीह के लिए मुर्ख था; दूसरा जन कलीसिया के लिए।

सो, तो आप भी किसी के लिए तो नट हैं।

61 जब पेंटीकोस्टल्स पचास वर्ष पहले, दृश्य पर आया था। उन्होंने कहा, "वे पागल लोग हैं!" वे नट थे, यह सही है, क्योंकि उन्होंने उस सारे भ्रष्टाचार को दोषी ठहराया, जो कलीसिया के युग में थे, उस समय पर, जब वे दृश्य पर आये।

लेकिन पेंटेकोस्टल ने क्या किया? वे सीधे वापस छांट (उल्टी) में चले गये जिससे वे बाहर आये थे, सीधे वापस उस भ्रष्ट संप्रदाय के अंदर। आप जानते हैं क्या? यह एक और नट का समय है। जी हाँ। यह दूसरे एक और नट का समय है। ये सही है।

62 ध्यान दे, एक नट, इससे पहले एक नट हो, उस नट को कसने (फिट करने) के लिए एक पेच (बोल्ट) होता है। और उस नट को उस पेच (बोल्ट) के साथ घुमाया (पेच किया) जाता है; यदि यह नहीं होता है, तो इससे वो इसके साथ कसता नहीं है। ध्यान दे। वे सारे जो पेच किये गये थे, नूह के—के दिनों में, ये सुसमाचार संदेश के साथ पेच किये गये थे; नूह, वो नट, उसने उन्हें नाव में खींच लिया। यह निर्भर करता है कि आपके पेच क्या हैं, आप किस चीज से पेच किये गए हैं। यदि आप दुनिया से पेच किये गये हैं, तो वे आपको खींच लेंगे। यदि आप वचन के साथ पेच गये हैं, यह आपको खींच लेगा। यह उस पर निर्भर करता है आप जिसके साथ पेच किये जाते हैं, आप किस नट के पीछे जायेंगे।

63 लेकिन नूह, परमेश्वर के वचन के साथ एक नट होने के नाते, वैज्ञानिक युग के लिए एक नट था और जिस धार्मिक युग में वह रहा था, उसने उन्हें खींच लिया, जो उस जहाज में बच गये। आमीन। वे जो पहले से ठहराये गये थे, वो पेच (बोल्ट) जो उस नट में ठीक तरह से बैठने के लिए बनाये गये थे। उस पेच (बोल्ट) को नट के साथ अवश्य ही पेच होना चाहिए।

64 इसलिए, शैतान, उसके पास बोल्ट और नट भी हैं, इस संसार के राज्यों के कुछ बोल्ट और नट हैं।

फिरौन, नूह या मूसा के लिए उतना ही नट था, जितना कि मूसा फिरौन के लिए था। फिरौन उसके सारे वैज्ञानिक हथकंडो के साथ था, उसके राष्ट्र को अपनी ओर खींच लिया था। नूह, प्रभु के लिए एक नट होने के कारण, कलीसिया को प्रतिज्ञा किये हुए देश की ओर खींच लिया। निर्भर करता है कि आप किस ओर पेच किये गये हैं। उसने कलीसिया को मिस्र से बाहर

खींच लिया; जैसा कि नूह ने कलीसिया को संसार से बाहर खींच लिया, जहाज की ओर। मूसा ने, कलीसिया को मिस्र से खींच लिया, परमेश्वर के प्रतिज्ञा किये हुए देश की ओर।

65 यीशु ने कहा। अब, सावधान रहें, क्योंकि ये नट और बोल्ट पूरी तरह से एक जैसे दिखते हैं। बस उसके पेच को देखे। मत्ती 24:24, उसने कहा, "यह लगभग हो सकता है, चुने हुओ को भरमा देगा।"

अब, उन—उन अमेरिकी लोग और सारे संसार के संप्रदाय को एक नट की आवश्यकता है।

66 वे मेथोडिस्ट, बैपटिस्ट, प्रेस्बिटेरियन, वे सभी *इसमें* से, और *उसमें* से बाहर आकर अलग–अलग हो गये है, *और सब* लड़ रहे हैं। और, आखिरकार, वे सारे एक ही बोल्ट से पेच हो गए। इसलिए परमेश्वर ने उन्हें एक बोल्ट दिय, और उनके लिए एक नट को भेज रहा है, विश्व कलीसिया परिषद। यह उन सभी को एक साथ खींच लेगा। ये सही है। यह निश्चय ही करेगा। यह उन्हें एक साथ खींच लेगा, विश्व परिषद।

67 आप जानते हैं, ऐसा हुआ है, यहां ज्यादा समय नहीं हुआ... बिना किसी एक कारण के कुछ भी नहीं हो सकता है। महिलाये अपने वस्त्रो को उतारना चाहती हैं। उन्होंने छोटे कपडो को पहनना चाहा। फिर भी वे कलीसिया से संबंध रखना चाहती है। उन्होंने इस तरह के 'बिकनी' याने नहाने के चुस्त वस्त्र को पहनना चाहा, या जो भी आप इन चीजों को कहते हैं। वे ऐसा करना चाहती हैं, और वे फिर भी कलीसिया से संबंधित हैं; वे शोर मचाना, चिल्लाना, नाचना करना चाहती है; आराधना, यही एक आराधना है।

68 अब, यदि मेरे पास समय होता था, तो मैं आपको यह साबित करता। यह एक शैतान की आराधना है, इस तरह से नाचना और उन चीजों को करना। मैं इसे साबित कर सकता हूं, जो मुर्तिपुजको के देशो में होता है। उन्होंने आराधना करना चाहा, और अपनी गवाही को बनाए रखते थे, और अब भी कलीसिया में बने रहते थे। इसलिए प्रभु उनमें से उन्हें दो या तीन नट को देता है; एक का नाम एल्विस प्रेस्ले; एक, पैट बून, और एर्नी फोर्ड; जो स्तुती के गीत गा सकते हैं और बाकी की सारी चीजो को भी गाते है, और फिर भी एक मसीह होने का दावा करते हैं। यह एक नट है। यह वचन के साथ पेच नहीं हुआ है। सही है।

अब, मैंने कहा कि मैं एक आधे घंटे तक ही जाऊंगा, और यह उससे ऊपर हो गया है। लेकिन, सुनना।

69 संसार एक नट को चाहता है। शैतान देखता है कि वे इसे प्राप्त कर रहे हैं। वे इसके लिए पहले से ही पेच हो गये हैं।

लेकिन, जब संसार एक नट के साथ पेच हो रहा है, वहां कुछ लोग है जिसे दुल्हन कहा जाता है। यह भी पेच हुई है। उतना ही जैसे ही मैं यहां पर खड़ा हूं, परमेश्वर उनके लिए एक नट को भेजेगा जो इस गड़बड़ी से बाहर दुल्हन को खींच लेगा, प्रभु की उपस्थिति में। ये एक वचन से पेच हुआ नट होगा।

70 कुछ दिन पहले एक निंदक ने वहां टूयूसान में मुझसे कहा। उसने कहा, "आप जानते है, कुछ लोग आपको एक नट बनाते है, और दूसरे कुछ आपको एक परमेश्वर बनाते हैं।"

मैंने कहा, "तो ठीक है, यह सब चलता रहेगा।" मैं जानता हूं कि वह मेरी निंदा करने की कोशिश कर रहा था। देखा?

71 उसने कहा, "लोग सोचते हैं कि आप एक परमेश्वर हैं।"

72 मैंने कहा, "ठीक है, तब... " मुझे पता है कि लोग ऐसा नहीं करते। लेकिन मैं—मैं जान गया कि उसने इसे नहीं समझा, क्योंकि वो खाल के दूसरी तरफ था, आप समझते हैं। इसलिए मैं जानता था उसने नहीं समझा, उसने इसे नहीं जाना। सो मैंने कहा, "यह बात परमेश्वर के वचन से ज्यादा दूर भी नहीं है। क्या है? "

देखो, केवल उसे—केवल उसे जानने दो कि हम खो नहीं गए थे। हम जानते है कि हम कहां पर खड़े थे। हम जानते हैं कि हम किस तरह के जहाज में बैठे हुए थे, और किस तरह की हवा बह रही थी। हम जानते हैं कि हमारा पेच क्या था, और हमारा नट क्या था। और हम जानते हैं कि हम कैसे खड़े हुए हैं।

मैंने कहा, "यह इतना अधिक परमेश्वर के वचन के विपरीत नहीं है। क्या है? " मैंने कहा, "याद रखें, जब परमेश्वर मूसा को इस्राएल के बच्चों के लिए वहां भेज रहा था, परमेश्वर ने मूसा को एक परमेश्वर बनाया, यह सही है; और उसके भाई, हारून को एक नबी भी बनाया। ये सही है। 'सारे नबी,' यीशु ने कहा, 'परमेश्वर थे।' वे परमेश्वर थे; वे पुरुष।" यह सही है। परमेश्वर का मतलब उसी तरह है।

73 सुनना, वो वचन जो हम प्रचार करते हैं और जिस शब्द को मैंने आज सुबह कहा था, "परमेश्वर खाल के पीछे छिपा हुआ है, प्राणी की खाल, परमेश्वर मनुष्य की खाल के पीछे छिपा हुआ है।" समझे? यही है जो उसने किया। जब परमेश्वर संसार में प्रकट हुआ था, वह एक पर्दे के पीछे छिपा हुआ था, एक मनुष्य की खाल के पीछे, जो यीशु कहा गया। वो पर्दा हुआ था और मनुष्य की खाल के पीछे छिपा था जो मूसा कहलाया, और वे परमेश्वर थे, बहुत से परमेश्वर नही; लेकिन वे परमेश्वर थे, वो एक परमेश्वर, बस जो अपने मुखौटे को बदल रहा था, हर बार उसी काम को करते हुए, इस वचन को लाते हुए। देखो, परमेश्वर ने इसे इस तरह से बनाया। वह जानता है कि मनुष्य कुछ तो देखने जा रहा है; वहां हममें से हर एक जन ससार में जन्मा है।

74 जैसा कि मैं आज सुबह आपको बता रहा था, किसी को भी वहां पर मूसा के साथ–साथ जाने की हिम्मत नहीं थी। परमेश्वर ने कभी भी दो जन से व्यव्हार नहीं किया। वह हमेशा एक ही के साथ व्यवहार करता है। किसी को भी मूसा की नक़ल करने की हिम्मत नहीं थी। यह मृत्यु थी, स्वाभाविक मृत्यु, उसकी नक़ल करने पर, उसके साथ उस अग्नि के स्तंभ में जाने की कोशिश करना। इसलिए सब लोग ऐसे नहीं बनाए गये हैं... आप उस तरह से नहीं जन्मे हैं, कि उस अलौकिक के अंदर चले जाये।

लेकिन परमेश्वर ने धरती पर कुछ लोगो को रखा है कि वह उसका प्रतिनिधित्व करे, उसकी ओर से एक राजदूत के नाई। और वो राजदूत परमेश्वर की ओर से ठहराया जाता है, ताकि उस महान अज्ञात अलौकिक के अंदर चला जाये, और परखकर उन चीजों को बाहर लेकर आये जिसे स्वाभाविक मन नहीं समझ सकता। यह परमेश्वर के रहस्य को बाहर लाता है, होने वाली चीजे है उनको उन्हें पहले से बताता है, और जो चीजें होते आयी हैं, और जो चीजें होने वाली है। यह क्या है? परमेश्वर, परमेश्वर खाल के पीछे है, मनुष्य की खाल के पीछे। यह बिल्कुल सही बात है।

75 सैम कॉनली टूयूसान में रहते हैं। वो यहां श्रीमान किड के साथ एक बार आये थे, कई वर्ष पहले, और वो चंगे हुए थे; कई वर्षों से एक स्थित अल्सर था। जब मैं पिछली बार गया था, सैम को एक—एक पत्थरी थी जो वहां टूयूसान में इसका विशेषज्ञ था उसने जांच की। यह एक कंचे के आकार की तरह बड़ा था। भाई सैम कॉनली... आप में से बहुत लोग यहां उसे जानते

हैं; वह ओहियो से है। और वह डॉक्टर के पास गया, और डॉक्टर ने कहा, "सैम, अपने आप को अगले सप्ताह के लिए तैयार कर लो; मैं उस पत्थरी को बाहर निकलूंगा, " तब से लेकर कुछ दिन बाद।

उसने कहा, "क्या मैं पत्थरी को पेशाब से निकाल सकता हूं, डॉक्टर? "

उसने कहा, "यह असंभव है। पत्थरी काफी बड़ी है।"

76 तो वह उसे एक कार में बैठाकर घर ले आया। और उसने फोन किया; उसने कहा, "मैं चाहता हूं कि आप वहां आकर और मेरे लिए प्रार्थना करें, भाई ब्रंहम।" उसने मुझे इस तरह से फोन क्यों किया? और मैं उसके लिए प्रार्थना करने लगा।

77 मैंने कहा, "सैम, यह यहोवा यो कहता है, पत्थरी अपने आप से निकल जाएगी।"

78 और अगली सुबह वह पत्थरी को डॉक्टर के पास ले गया। और उसने कहा, डॉक्टर ने कहा, "श्रीमान कॉनली, मुझे समझ नहीं आता कि यह कैसे हुआ।"

79 और उसने कहा, "मैं परमेश्वर में विश्वास करने वाला हूं, और परमेश्वर ने मेरे लिए पत्थरी को बाहर निकाल दिया, इसे मुझमें से निकाल दिया।" वो मनुष्य शायद ही इस पर विश्वास कर सका था, जो डॉक्टर था। बस इससे अधिक मेरी पत्नी के बाजु निकलकर जाने वाले बडे ट्यूमर पर विश्वास नहीं कर पाया था। आप इसके बारे में जानते हैं, देखा। सो उसने कहा...

80 लगभग छह महीने बाद, जो लगभग तीन... लगभग दो हफ्ते पहले, या तीन हफ्ते पहले, सैम कॉनली बुरी तरह से ह्रदय की गंभीर बीमारी से पीड़ित था। और मैं बीमारी का नाम नहीं जानता, कोरोनरी, या ऐसा ही कुछ ह्रदय में रूकावट थी, या जो कुछ भी यह है। यह एक बहुत ही भयंकर होता है... ऐसा नहीं... आप इससे बाहर नहीं आ सकते है, वे दावा करते हैं। एक ह्रदय का दौरा, और उसके ह्रदय में रूकावट थी। और उसके अंग सूज गये थे इतना तक कि उसके टखने उसके पैरो से बड़े लग रहे थे, यहां ऊपर कूल्हे बढ़ गये थे। सो वे उसे डॉक्टर के पास ले गए। डॉक्टर ने कहा, "उसे घर ले जाओ, शांतिपूर्वक, या अस्पताल ले जाओ।"

सैम ने कहा, "मैं अस्पताल नहीं जाना चाहता हूं!"

कहा, "उसे घर ले जाओ और बिस्तर में लेटा दो, और तुम छह महीने तक सिर, हाथ या पैर नहीं हिलाना।" कहा, "तुम किसी भी समय मर सकते हो।"

81 और भाई नॉर्मन ने फोन किया। और हम उस रात वहां पर, भाई सैम को देखने के लिए चले गए। और जब हमने उनके लिए प्रार्थना की, और प्रभु ने बात की।

और अगली सुबह, सैम डॉक्टर के कार्यालय में गया, अपने अधूरे ढके पैरों को ऊपर उठाया, डॉक्टर के सामने खड़ा हो गया, और कहा, "मुझे देखो, डॉक्टर!"

और डॉक्टर ने उसे एक विधुत कार्डियोग्राम के नीचे रखा, और उसने कहा, "मैं इसे नहीं समझ पा रहा हूं।" कहा, "काम पर वापस जाओ।" उसने कहा, "आप किस कलीसिया से संबंध रखते हैं? "

उसने कहा, "मैं उनमें से किसी से संबंध नहीं रखता हूं।"

82 उसने कहा, "आप बिना उन संप्रदाय से जुड़े मसीही नहीं हो सकते है। आपको जुड़ना है।" देखो, यही वो सब डॉक्टर जानता है। सैम उसके लिए एक नट था। और वह सैम के लिए एक नट था, इस तरह का सवाल पूछकर।

तब क्या हुआ? सैम वहां पर आया, और उसने कहा, "मैं किसी को भी क्या बोल सकता हूं जो मुझे ऐसी बातें पूछता हूं, भाई ब्रंहम? "

83 उन्हें बताये कि आप 'केवल एक ही से संबंध रखते है और उसी कलीसिया से।' आप इससे जुड़ते नहीं हैं। यह संप्रदाय नहीं है। आप इसमें जन्म लेते हैं।"

84 एक छोटी महिला, लगभग छह महीने पहले, बहन नॉर्मन की छाती पर झुकी हुई थी। मैं बहन का नाम भूल गया, लगभग तीस साल की बहुत ही प्यारी छोटी महिला। वो और उसका पति अलग हो गए थे, और उसे ल्यूकेमिया हो गया था। और वह ऐसी हालत में थी कि मुश्किल से ही वह इधर–उधर जा सकती थी। और अंत में हालत और बदतर हो गयी, इतना तक कि डॉक्टरों ने उसे एक बिस्तर में डाल दिया। और डॉक्टर समय होने पर उसे देखने आते। उन्होंने उसे अगले बुधवार तक का समय दिया। वह बुधवार तक मर जाएगी। और श्रीमती नॉर्मन को किसी भी तरह से, उसे बिस्तर से उठाकर, और उसे ले आयी, और उसे एक कुर्सी पर पकड़कर

बैठाना पड़ा था। और वो छोटी सी महिला इस तरह से वहां बैठी थी, आगे और पीछे हो रही थी, और अधेड़, जितनी वो हो सकती है, त्वचा पर पीलापन था; कैंसर, ल्यूकेमिया से।

मैंने कहा, "ठीक है, मैं आप के लिए प्रार्थना कर सकता हूं, बहन।"

और वह बोलने की कोशिश कर रही थी, और उसकी आँखों में आँसू थे, उसने कहा...

मैंने—मैंने कहा, "क्या आप मसीही हैं? "

उसने कहा, "मैं एक मेथोडिस्ट हूं।"

मैंने कहा, "मैंने—मैंने आपसे पूछा कि क्या आप मसीही थी।"

और उसने कहा, "आपका मतलब मसीही कलीसिया से संबंध होना? "

85 मैंने कहा, "नहीं, श्रीमती जी। मेरा मतलब है, क्या आप परमेश्वर की आत्मा से जन्मी हैं, और प्रभु यीशु से प्रेम करती हैं? "

उसने कहा, "अच्छा, मैं हमेशा ही कलीसिया से संबंध रखती हूं।"

86 मैंने कहा, "यदि परमेश्वर आपको जीवित रखता हूं, तो क्या आप मुझसे वादा करेंगी कि आप मेरे पास लौटकर आयेगी और मैं आपको प्रभु के मार्ग को और अधिक स्पष्ट से तरीके से दिखाऊं? "

उसने कहा, "मैं प्रभु से किसी भी बात के लिए भी प्रतिज्ञा करूंगी, यदि वह मेरे जीवन को बचा लेता है। मैं उसकी सेवा करूंगा।"

87 बस तभी एक दर्शन आ गया, कहा, "**यहोवा यों कहता है**। तैयारी मत करो; अपनी मृत्यु के लिए चीजों को फाड़ डालो, परसों से।" जो कि सोमवार का दिन था, और वो बुधवार को मरना था। "आप नहीं मरेगी।"

पिछले रविवार, इस रविवार से एक सप्ताह पहले, मैं उसके साथ कमरे में बैठा हुआ था। उसका वजन कुछ तीस पाउंड अतिरिक्त बढ़ गया; डॉक्टर ने कहा कि ल्यूकेमिया का कहीं भी एक भी चिन्ह नहीं मिला। और वह जानना चाहती थी; और मैंने उसे यीशु मसीह के नाम से बपतिस्मा लेने के लिए भेजा, एक खेत के सिंचाई के नाले में, जो प्रभु का मार्ग है। शायद एक नट हो सकता हूं, लेकिन, "यदि मुझे ऊपर उठा लिया जाए, तो मैं सभी मनुष्यों को अपने पास खींच लूंगा।"

88 मैंने, उस लड़के से मुलाकात की जो यहां अक्सर टेप्स को लेता था, लियो मर्सियर। उसके पास चलती फिरती गाड़ी का घर है। और मैं कुछ लोगों के लिए प्रार्थना कर रहा था। और मैंने लोकार नामक एक छोटी सी महिला के लिए प्रार्थना की, मैं सोचता हूं ऐसा ही था। और उसके कैंसर के चौदह ऑपरेशन हुए थे, और डॉक्टरो ने उसे मरने के लिए छोड़ दिया था। और उसके लिए प्रार्थना की गई, और उससे बताया कि वो नहीं मरेगी, लेकिन वो जीवित रहेगी। और कहीं भी इसका कोई निशान नहीं मिला। और उसके कारण, उसके परिवार के जो अट्ठाईस लोग वहां खड़े हुए थे, बचाये गये और पवित्र आत्मा से भर गये। शायद एक नट हो सकती है, लेकिन वो सारे मनुष्यों को उसकी ओर खीच रही है, वे आयेंगे। वो वचन के साथ पेच हो गयी थी। आप समझे कि मेरा क्या मतलब है?

89 मुझे परसों के दिन एक खत मिला, जो ठीक वहां पीछे फाइल में रखा हुआ था। पिछली बार, जब मैं एक शिकार के दौरे पर था... या, पिछले वसंत के मौसम में, यह एक वर्ष पहले की बात थी। ऑस्कर नाम का एक इंडियन लड़का, जिसके साथ हम वहां हाईवे पर शिकार करते थे; ये जहां प्रभु का दूत था, मैंने आपको बताया था, यहां इस ओर, उस बारहसिंगा को और—और उस चांदी के रंग के भालू को (सिल्वर टिप ग्रिजली) लाने के लिए। आप सभी को यह याद होगा। जब मैं चलकर गया, तब वह लड़का, ... पिछले वसंत के मौसम की बात है, वह तम्बू में चला गया। और जब बड ने मुझसे आशीष को मांगने के लिए कहा, (उसने अपने दस्ताने उतारे हुए थे; वह सवारी कर रहा था), उसने उन हाथ के दस्तानो को पहन लिया और बाहर जाने के लिए तैयार हो गया था। वह एक कैथोलिक था। उसका इससे कोई लेना–देना नहीं था।

90 पिछली बार, जब वह मेरे पास खडा था... जब उसकी मां वहां पीछे रहती थी, ह्रदय के दौरे से मर रही थी, उसने कहा, "क्या आप पीछे आकर और उसके लिए प्रार्थना नहीं करेंगे? " मैं उन इंडियनस की इस छोटी सी झोपड़ी में पीछे चला गया। और वहां पर, वे सारे इस माँ के आसपास एकत्र हुए थे, और उसके मरने पर, वो अंग्रेजी का एक शब्द भी नहीं बोल सकती थी। और पवित्र आत्मा नीचे उतर आया, और एक अनुवादक के जरिये से माँ को बताया, उसकी बेटी अनुवाद कर थी, किस बात ने जगह ली, जो था। उसने यहां तक उसके नाम को भी बताया, और उसे बताया कि

वो क्या थी, और वह किस जनजाति से थी, और यह किस तरह से हुआ होगा। और माँ तुरंत ही चंगी हो गई।

91 और अगली सुबह को जब मैं उसे देखने के लिए वापस गया, जब मैं उस एक भेड़ के लिए वहां पर चालीस मील गाड़ी चला कर गया, वहां वे सब बैठे हुए थे, वो... वापस घोड़े को निकाल रहे थे, सूखे हिरण मांस को लाने के लिए। और मैंने कहा, "कल रात जब मैंने प्रार्थना की, तो मैंने कहा, 'हमारे पिता तू जो आसमान में हैं।'" मैंने कहा, "लुईसी, मैं—मैं... यह एक कैथोलिक प्रार्थना थी। आप सभी ने आरंभ किया, और उसके बाद, निश्चय ही, मैंने आपको छोड़ दिया।" और मैंने कहा, "अब मैं परमेश्वर को धन्यवाद करूंगा। हम प्रार्थना को बोलते नहीं है; हम प्रार्थना को करते हैं।"

92 उसने कहा, "अब हम और कैथोलिक नहीं रहे।" उसने कहा, "हम विश्वास करते है जैसे आप विश्वास करते हैं। हम आपसे चाहते है कि हम सभी को आप लेकर चले और जिस तरह से आप बपतिस्मा देते है हमें बपतिस्मा दे। हम पवित्र आत्मा को चाहते हैं।"

93 वापस दौरे पर जाते हुए... उस लड़के ने अपने घोड़ों को खो दिया था, महीनों पहले, उसे घोड़े नहीं मिले। और वो मार्गदर्शन करने वाला उस पर चिल्ला रहा था, कहा, "ऑस्कर, तुम अच्छी तरह जानते हो उन घोड़ों को इस तरह को छोड़ने से क्या होता है। वे भालू, बहुत सारे सुनहरे भालुओ ने, अब तक उन घोडो को खा भी लिया होगा।"

और वो मेरे पास ही खड़ा रहा। और उसने कहा, एक रात को, उसने कहा, "क्या मैं आपसे कुछ मांगू? "

मैंने कहा, "हाँ।"

कहा, "भाई ब्रंहम, प्रभु से प्रार्थना करे। प्रभु मुझे मेरे छोटे घोड़ो को वापस लौटा दे।"

मैंने कहा, "बड ने कहा भालू ने उन्हें खा लिया होगा।"

कहा, "भाई ब्रंहम, प्रभु से मांगे। परमेश्वर ऑस्कर को उसके छोटे घोड़ो को वापस लौटा दीजिये।"

मैंने कहा, "तुम यह विश्वास करते हो, ऑस्कर? "

उसने कहा, "मुझे विश्वास है। परमेश्वर मेरी माँ को चंगा कर सकता हैं। परमेश्वर आपको बता सकता हैं कि भालू कहां पर था, वो शिकार कहां

पर था। वही परमेश्वर, जो जानता है कि वो शिकार कहां पर है, वो जानता है कि मेरे घोड़े कहां पर हैं।" समझे?

94 एक वर्ष पहले, जब फ्रेड सोथमैन के साथ वहां पीछे खड़ा हुआ था, जो आज रात यहां है, बिली पॉल, जो मेरा पुत्र है। पवित्र आत्मा नीचे उतर आया। मैंने कहा, "ऑस्कर, तुम्हे तुम्हारे छोटे घोड़े मिल जायेंगे। वे बर्फ में खड़े हुए होंगे।"

वहां एक पत्र रखा हुआ है, जो मुझे पिछले हफ्ते लिखा गया था, और मुझे यह पत्र शुक्रवार को मिला, जो यहां पर आया। यह अभी फाइल में वहीं पर रखा हुआ है। "भाई ब्रंहम, ऑस्कर को बर्फ में खड़े हुए छोटे घोड़े मिल गये हैं।"

95 वे कैसे जीवित थे, कोई नहीं जानता। वहां, लड़का... जून में इस वर्ष के समय, वहां इतनी ज्यादा बर्फ है कि उनके चारों ओर अभी भी बीस या तीस फुट बर्फ जमी हुई है। वे सर्दियों में से होते हुए इस घाटी में कैसे बने रहे? ऑस्कर उनके पास बर्फ के जुते पहनकर पहुंच सकता है, लेकिन, निसंदेह, वह अपने घोड़े को बर्फ के जुते नहीं डाल सकता है। लेकिन प्रभु के वचन के अनुसार उसने उन्हें पा लिया। यह एक नट की तरह दिखाई दे सकता है; बस इसे एक बार विश्वास करे! निर्भर करता है कि आपके पेच कैसे हैं।

96 अब, यह एक संप्रदाय के साथ पेच नहीं होगा। यह केवल वचन के साथ पेच होगा। लेकिन संसार में कुछ लोग उस वचन को विश्वास करते हैं! यह एक नट को लेगा ताकि उस दुल्हन को पेच से कसकर यहां से बाहर निकाले, क्योंकि दुल्हन और दूल्हा एक हैं। और परमेश्वर एक है, और वचन परमेश्वर है! इसे वचन के साथ पेच किया जाना है, और ये दुल्हन को इन संप्रदायों से बाहर निकालेगा।

97 जी हाँ, उसने मेरी निंदा करना चाहा। आप जानते हैं, ये मुझे याद दिला रहा है, आज सुबह की उस बात बारे में, कि परमेश्वर खाल के पीछे छिपा हुआ है, मनुष्य की खाल के।

98 एक छोटी सी कहानी, और फिर मैं बंद कर रहा हूं; क्षमा करना कि मैंने आपको यहां लगभग पैंतालीस मिनट से रोके रखा है। एक घर है, जो मसीही घर है, और वहां एक... मैंने इस बात को इस निंदक को बताया था। और इस घर में... वे प्रभु में विश्वास करते थे। उनके वहां एक छोटा सा

लड़का था, लेकिन वो एक तूफान में, मृत्यु से डरा हुआ था। बिजली का चमक रही थी, ओह, वह बस मृत्यु से डरा हुआ था। वह टेबल के नीचे चला जाता, कहीं भी, बिजली के चमकने पर।

तो एक रात उस खेत पर एक बड़ा तूफान आता है, और जहाँ वे रहते थे, और पेड़ जोर से लहरा रहे थे, और बिजली चमक रही थी, देर रात में ऐसा हो रहा था। मां ने उस जूनियर से कहा, कहा, "अब, जूनियर, तुम ऊपर जाकर और बिस्तर पर चले जाओ।" कहा, "अब, डरो मत। वहां ऊपर चले जाओ।"

99 सो वो छोटा सा जूनियर, अपने पजामें को पहनकर, सीढियों से ऊपर जाते हुए, पीछे देख रहा था, वो लगभग रोने पर था। वह लेट गया, सोने की कोशिश करने लगा, अपने सिर को ऊपर तक ढांक लिया। वह सो नहीं पा रहा था; खिड़की के ऊपर बिजली चमक रही थी। सो उसने कहा, "ओह, माँ," कहा, "यहां पर आकर और मेरे साथ सो जाओ।"

तो, उसने कहा, "जूनियर, तुम्हे कोई भी परेशान नहीं करेगा। वह बिजली तुम्हारा कोई नुकसान नहीं पहुँचा सकती।"

उसने कहा, "लेकिन, माँ, यहां पर आकर और मेरे साथ सो जाओ।"

100 तो माँ सीढियों से ऊपर चली और पलंग पर उस जुनियर के साथ में लेट गई। और उसने कहा, "जूनियर, मेरे छोटे बेटे, माँ तुम्हे कुछ बताना चाहती है।" उसने कहा, "जूनियर, हम एक मसीही परिवार हैं। हम परमेश्वर पर विश्वास करते हैं, और हम विश्वास करते हैं कि परमेश्वर तूफान में हमारी रक्षा करता हैं। हम इसे विश्वास करते हैं। और हम विश्वास करते है कि परमेश्वर उसके अपनो की देखभाल करता है।" और कहा, "मैं चाहती हूं कि तुम उस पर विश्वास करो, जूनियर। कि भयभीत नहीं होना है। परमेश्वर हमारे साथ है, और वह हमारी रक्षा करेगा।"

101 जूनियर बार–बार झिड़कने लगा। उसने कहा, "माँ, मैं भी यही विश्वास करता हूं।" उसने कहा, "लेकिन जब वह चमकती बिजली खिड़की के बहुत ही नजदीक होती है, तो मैं उस परमेश्वर को महसूस करना चाहता हूं जिसके ऊपर खाल हो।"

इसलिए मैं सोचता हूं कि हम में से बहुत सारे लोग उसी तरह की बात को सोचते हैं। परमेश्वर, जिसके ऊपर खाल हो! [टेप पर खाली स्थान—सम्पा।] परमेश्वर, उस पर खाल के साथ! हो सकता है यह संसार के

लिए एक नट की तरह लगे, लेकिन यह सारे मनुष्यों को उसकी ओर खींचता है।

आइये हम प्रार्थना करे।

102 स्वर्गीय पिता, जैसे कि यह छोटे अनुभवों की—की कहानियां, और जो कभी–कभी एक कारण के लिए होती है। और यह, फिर भी यह जिस तरह से अशिष्ट जैसी है, फिर भी हम उस भाषा में इसे समझते हैं जिस में यह घटित हुई। तो हम आपको आज रात धन्यवाद देते है, प्रभु, कि—कि परमेश्वर खुद को हममें घर कर सकता है। हम इस बात के लिए आभारी हैं कि एक प्रायश्चिता को बनाया गया था, उस धर्मी जन का लहू, यीशु; जो परमेश्वर की परिपूर्णता था, जो परमेश्वरत्व के देह की परिपूर्णता थी, जो उसने अपने बहुमूल्य जीवन को दे दिया; ना ही उससे लिया गया, लेकिन इच्छा से इसे दे दिया, जिससे हम उसकी उपस्थिति की परिपूर्णता में आनंद ले सके, उस तेजोमय महिमा में जिसमें वह रहता है; जिससे कि हमारे प्राण उस लहू से पवित्र हो सके, जिससे वो महान पवित्र आत्मा स्वयं हम में रह सके। और हम लोगो के लिए शिक्षक, भविष्यद्वक्ता, और इत्यादि, बन जाये, उन लोगो के लिए प्रभु, जो जरूरतमंद हैं; परमेश्वर के दानो की; परमेश्वर खुद ही प्रकट कर रहा है, परमेश्वर के महान दानो बाहर की ओर चमकाते हुए, इस आधुनिक युग की उपस्थिति में।

103 और मुर्खता के हाव–भाव, प्रभु, एक नट होने के कारण। और हम जानते हैं, कि इस दिन में, कि ये कुछ समय को लेता है जब संसार आज पक्की आदतों में चला गया है जैसे कि आज की कलीसिया है, केवल नई कलीसियाओ से और नए संप्रदायों से जुड़ते रहते है। एक मनुष्य जो वचन के साथ आगे आता है उसे एक नट माना जाता है, पागल व्यक्ति। जैसे महान प्रेरित पौलुस, जो एक धर्मज्ञानी, एक याजक, बनने के लिए प्रशिक्षित किया गया था और फिर भी उसने कहा कि वो प्रभु की महिमा के लिए वो एक मूर्ख बना। उसने अपनी शिक्षा को भुला दिया, जिससे कि हो सकता है कि लोग... उसके बड़े–बड़े चमकाए हुए शब्दों को सुन सके। और उसने कहा कि वो लुभाने वाले शब्दों के साथ और लोगों के ज्ञान के साथ नहीं आया, कि उनका विश्वास उस तरह से हो। किस तरह से आज कलीसिया बदल चुकी है, जैसे उसने भविष्यवाणी की थी, "मेरे जाने के बाद, भेड़िये अंदर आ जायेंगे, झुंड को नहीं छोड़ेंगे।" लेकिन उसने कहा कि वह उनके पास,

"पवित्र आत्मा की सामर्थ और प्रमाण में," आया है, जिससे कि उनका विश्वास परमेश्वर में हो। पिता, वह संसार के लिए मूर्ख बना, यीशु को जानने के लिए।

104 और वैसे ही हम आज करे, प्रभु। यहां वे लोग बैठे हुए हैं जिसे पागल माना जाता है, क्योंकि वे अपने परमेश्वर पर भरोसा करने के लिए तैयार हैं, उनकी चंगाई के लिए, उनके अनन्त मंजिल के लिए। परमेश्वर की आराधना करने में, वे अपनी प्रतिष्ठा को दांव पर रख देते है। उसे धन्यवाद देते हुए, उसकी स्तुती करते हुए, उनकी आत्मा को आजाद करते हुए, परमेश्वर की आराधना करने के लिए; वे पागल समझे जाते हैं। लेकिन आपने कहा, कि, "परमेश्वर की मूर्खता," यदि हम मूर्ख हैं, "जो मनुष्य की बुद्धिमता से कही अधिक तेज और समझदार थे; क्योंकि मनुष्य के ज्ञान के द्वारा, परमेश्वर को नहीं जाना जाता। लेकिन प्रचार की मूर्खता के द्वारा, इसने परमेश्वर को प्रसन्न किया ताकि उन्हें बचाये जो बचाये जाने थे।" हम प्रार्थना करते हैं, परमेश्वर, कि इस वचन का महान लेखक आज रात आकर और बीमारों को चंगा करें, खोए हुओ को बचाये। हम इसे यीशु के नाम से मांगते हैं। आमीन।

105 मैं परमेश्वर की तुलना कर रहा हूं, इसलिए कि आप उलझ ना जाये जो आज मैंने कहा है; परमेश्वर एक महान हीरा है, वो अनन्त है।

और जब एक हीरे को अफ्रीका के नीले पत्थरों से बाहर निकाला जाता है, तो मैं उन खदानों में गया हूं और उन्हें देखा है... वे किस तरह से इस प्रक्रिया को करते हैं और हीरे को बाहर निकालते हैं, किस तरह से वे कुचलने की प्रकिया से होकर गुजरते हैं, और बडे नीले अग्निमय हीरे, काले हीरे बाहर निकलते हैं। वे इतने आकृति में नहीं होते है, किसी आकार में नहीं होते है। वे तो बस एक बड़े–बड़े पत्थर होते हैं। और, असल में, उनमें उस समय कोई आग नहीं होती है। वे तो बस एक हीरा होता है, एक पत्थर होता हैं; गोल, उनमें से बहुत से बाहर से चिकने होते है। लेकिन इस हीरे को काटना अवश्य है। अब, यह नियम के विरुद्ध होगा अगर उस एक हीरे को नहीं जाता है तो। कटाई को किया जाना अवश्य है, और फिर आपके पास एक रसीद होना अवश्य है, जहां से इसे आपने खरीदा है, क्योंकि उनमें लाखों डॉलर होते हैं।

और मैं उस हीरे से परमेश्वर की तुलना कर रहा हूं।

106 अब, एक हीरे को काट दिया जाता है जिससे कि यह प्रतिबिंब हो कि इसके अंदर क्या है, वो अग्नि जो उस हीरे में है। और इसे हर एक छोटे–छोटे तरह से काटा जाना है, हर कही बारीकी से, तीन कोनो पर से। एक हीरे को तीन कोनो का बनाया जाता है, और इस एक तीन कोने की वस्तु के सामने एक प्रकाश को डालते है तो सात रंगो को देंगे, देखो, ये सात रंगो को तैयार करता है।

107 और अब ध्यान दें, "परमेश्वर हमारे अपराधों के लिए घायल हुआ था, हमारे अधर्म के लिए कुचला गया था।" देखो, उसे काटा गया था, कुचला गया, उस महान हीरे को, जिससे कि उसमें से कलीसिया के दानो को प्रतिबिंब कर सके।

और ये प्रकाश नहीं होता है; क्योंकि, प्रकाश को वापस लौटना अवश्य है, जब सूरज इससे हट जाता है, जहाँ से इसे काटा गया है।

लेकिन उस काटने से हर एक छोटा टुकड़ा जो उसमें से निकलता है वह नष्ट नहीं होता है; इसे इस्तेमाल करने के लिए रखा जाता है। उनमें से बहुत से टुकड़ो की विक्टरोला (रिकॉर्ड पर रखने की) सुइयां बनती हैं। और उन सुइयों को उस पर रखा जाता हैं, जिसे उस हीरे से काटा गया हैं, वो उस संगीत को लेकर आती है जो एक रिकॉर्ड में बंद होता है।

108 और मैं आशा करता हूं कि आप समझ रहे है कि मेरा क्या अर्थ है। वो मसीह से कटा हुआ टुकड़ा, मसीह से वो दान, बाइबल पर रखा जाता है, जो विश्वासियो के लिए परमेश्वर के रहस्यों को बोलते है। वह ह्रदय के भेदों को जानता है। वह हर एक व्यक्ति को जानता है। क्या आप यह विश्वास करते हैं?

ये हीरा नहीं होगा जो कहेगा, "क्या तुम देखते हो मैं क्या हूं? " यह तो वो है जिससे वह आया है। हीरा तो एक हीरा है क्योंकि वह एक हीरे से निकाला गया है।

109 और इसी तरह से आत्मा का दान होता है, एक... व्यक्ति के लिए, यह हीरे का एक भाग होता है। इसे भेजा गया है, और यहां लाया गया है, और एक दान में लाया गया है, ताकि अनुवाद को करे, प्रचार करे, सिखाये। पाँच आत्मिक दान हैं; वे प्रेरित, वे भविष्यद्वक्ता, वे शिक्षक, वे पास्टर, वे सुसमाचार के प्रचार करने वाले, और वे सारे मसीह की देह के उन्नति के लिए होते हैं। और बस जैसे ये है उसी तरह से निश्चित है कि वहां पर

कुछ शिक्षक, कुछ पास्टर, वहां पर कुछ भविष्यव्यक्ता को होना है। हम यह जानते हैं।

110 और हम यह विश्वास करते हैं कि परमेश्वर को अंतिम दिन में अपने लोगों के बीच प्रकटीकरण में आना है, चुने हुए बीज के लिए, बाइबिल के अनुसार, भविष्यव्यक्ता के रूप में। यह बिल्कुल वचन के साथ है। ऐसा नहीं है कि मनुष्य परमेश्वर है, लेकिन वो दान परमेश्वर है। समझे? और यही वो सुई है।

अब, एक पिन उस रिकॉर्ड को सही से नहीं चलाएगी। एक नियमित सिलाई करने की सुई इसे सही–सही नहीं चलाएगी। लेकिन एक हीरा, यह सबसे बेहतर है। यह इसे साफ–साफ़ बाहर लाता है, एक हीरे की नोकीली सुई।

111 होने पाए प्रभु, आज रात... आपके जीवन का रिकॉर्ड, जो कुछ भी आपके साथ गलत है, जो कुछ भी आप प्रभु से चाह रहे हैं, होने पाए वो महान गुरु जो अपने हाथ में उस सुई को पकडे हुए रहता है, हो सकता है कि वह इसे आपके जीवन पर रखे और उसे प्रकट करे आप यहां पर क्यों है, आप क्या चाहते हैं; तब हम जान जायेंगे कि वो यहां पर है।

112 स्वर्गीय पिता, क्या आप इस प्रार्थना की पंक्ति आरंभ करने से पहले इसे प्रदान करेंगे, ऐसा करने का प्रयोजन नहीं है, लेकिन क्या आप इसे प्रदान करेंगे, जिससे लोग जान जाये। हो सकता है यहां अजनबियों के लिए प्रार्थना की जाये। मैं उन्हें नहीं जानता, लेकिन आप जानते है। और पौलुस ने कहा, "यदि आप अन्य जुबान से बोलते हैं, और कोई अनुवाद नहीं होता है या कुछ उन्नति को नहीं देता हैं, तो लोग कहेंगे कि तुम पागल हो। लेकिन यदि कोई एक भविष्यवाणी को करता है और प्रकट करता है कि ह्रदय में क्या है, तो वे कहेंगे, 'वास्तव में परमेश्वर आपके साथ है।'" ऐसा फिर से होने दे, प्रभु, इस विलम्ब घडी में। आपने इसकी प्रतिज्ञा की है, और ऐसा ही हो जाये। यीशु मसीह के नाम में। आमीन।

113 अब मैं सोचता हूं कि आज रात यहां कितने बीमार लोग हैं, जो यहां पर है? या बिली ने आपको प्रार्थना का... ? क्या कोई प्रार्थना का कार्ड दिया गया है? [भाई लोग कहते है, "हाँ।"—सम्पा।] दिए है। तो ठीक है, मैं सोचता हूं कि हर एक बीमार व्यक्ति के पास प्रार्थना का कार्ड है, लेकिन मैं नहीं जानता कि आपने उस पर क्या लिखा है। मैं सोचता हूं कि

वह आपको बस एक कार्ड को देते है; आप उस पर जो लिखना चाहते हैं, लिखते है। क्या ये है? बस कार्ड को ले; जो आप चाहते हैं आप उस पर लिख दें।

114 मैं आपको नहीं जानता। कितने लोग यहां जानते है कि मैं आपको नहीं जानता हूं, और अब भी आप बीमार है, और आप ये कहें, "मैंने जो भी सुना है आप आज जो कहते हैं, 'परमेश्वर खाल के पीछे है। मनुष्य की खाल के पीछे परमेश्वर है, खुद को पर्दा किये हुए'"? लेकिन यदि आपके पास आत्मिक आँखें है, तो आप उन्हें खोलकर और उसे देख सकते हैं, देखें कि वो कौन है। और आप उस पर विश्वास करे। यीशु ने कहा, "वो जो मुझ पर विश्वास करता है, जो काम मैं करता हूं वह भी करेगा; वरन उससे भी बढ़कर करेगा, क्योंकि मैं पिता के पास जाता हूं।" अब, यदि आप अपने पूरे ह्रदय से विश्वास करते हैं!

115 यहां कितने लोग बीमार हैं, और जानते हैं कि मैं आपको नहीं जानता, और जानता हूं कि आपके साथ क्या गलत हुआ है? केवल अपना हाथ ऊपर उठाये, कहे, "मैं बीमार हूं। मुझे आवश्यकता है।" कितने लोगों के ह्रदय में इच्छाये हैं, जो बीमार नहीं है, लेकिन इच्छा को लिए हुए हैं? आप समझते हैं कि मैं क्या... तो ठीक है। वहां ऐसा कोई भी नहीं है, जिसे मैं देखता हूं, सिवाय जो उनके हाथ को ऊपर उठाये हुए है। अब, मैं नहीं जानता...

116 मैं उस व्यक्ति को जानता हूं जो यहां बैठा हुआ है। मुझे पक्का है कि यह भाई जेम्स हैं, और मैं सोचता हूं कि बहन जेम्स हैं। भाई बेन को मैं जानता हूं। बस आपके चेहरे को, कभी–कभी; भाई तस्वीरो को ले रहे है। लेकिन...

कोई भी यहां, कहीं भी हो, बस... मैं—मैं—मैं इसे चुनौती देता हूं, इस आधार पर, और इस संदेश के समाप्ती पर।

117 क्या आप जानते हैं कि परमेश्वर ने अंतिम दिनों में ऐसा करने की प्रतिज्ञा की है? उसने प्रतिज्ञा की है। समझे? अब मैं ऐसा नहीं कर सकता। देखें, मैं—मैं इसे नहीं कर सकता हूं। ऐसा उसे ही करना है। वो ही एक है जो इसे करता है; मैं नहीं। लेकिन मैं उस में विश्वास करता हूं, या तो मैं यहां पर खड़े होकर कुछ भी नहीं कहता, जिस पर मुझे विश्वास नहीं था। अब, आप प्रार्थना करे, और आप कहे, "प्रभु यीशु, मुझे बाइबिल में सिखाया

गया है कि आप ठीक अभी एक महायाजक है जिसे हमारी दुर्बलताओं की भावना से छुआ जा सकता है।" मैं चिंता नहीं करता कि आप कहां पर हैं। और बस कहे, "मैं आप पर विश्वास करता हूं। और, विश्वास के द्वारा, मैं यह भरोसा करता हूं जो उस मनुष्य ने आज कहा है।"

118 यही है जो दूत ने मुझसे कहा, "तुम लोगों को अपने पर विश्वास करवाओ।" और यदि मैं परमेश्वर के वचन को बताता हूं, तो ऐसा नहीं है "मुझ पर विश्वास करो, " यह ऐसा है "वचन पर विश्वास करो।"

यदि ये वचन के साथ नहीं है, तब इस पर विश्वास ना करे। लेकिन यदि आप विश्वास करते है कि तब यह वचन है, या जो भी है, आप प्रार्थना करे और आप विश्वास करे, और देखें कि क्या वह अभी भी प्रकट कर सकता है कि आपके ह्रदय में क्या है।

119 और हर कोई जानता है कि बाइबिल ने कहा, कि, "परमेश्वर का वचन दोधारी तलवार से भी तेज है, और ह्रदय के विचारों और इरादों को जांचता है।"

इसी तरह से अब्राहम यह जानता था कि वो परमेश्वर था, जब वह बता सकता था कि सारा तम्बू में क्या कह रही थी, वह किस बारे में सोच रही थी; जब उसने कहा, "मैं तुमसे मुलाकात करूंगा, " और सारा ने उसके ह्रदय में सोचा, "ऐसा नहीं हो सकता।"

120 अब, मैंने कहा कि वह आपको चंगा करने के लिए यहां पर है। आप इस बारे में क्या सोचते है? यदि आप बस विश्वास करे! अब, मैं नहीं कर सकता, मेरे पास कोई और विशेष तरीका नहीं है; स्वर्गीय पिता यह जानता हैं। देखा? मुझे तो बस इस पर देखना है। और जो मैं देखता हूं, मैं कहता हूं; और जो मैं—मैं नहीं देखता, यक़ीनन, मैं नहीं कह सकता। लेकिन वो तो बस उतना ही अधिक परमेश्वर है! क्या यह आपका विश्वास बढ़ायेगा, यदि वह ऐसा करेगा तो?

इस तरह प्रचार करना, ये एक प्रकार से मुझे जरा सा बाहर कर देता है। लेकिन वो यहां पर है। मैं इसके प्रति जागरुक हूं।

121 एक मनुष्य को देखते हुए उसने अपना सिर झुकाया हुआ है, ठीक *यहां* पीछे। उसकी पत्नी उसके पास बैठी हुई है, वो प्रार्थना भी कर रही है। ठीक *यहां*। आपके ह्रदय पर कुछ तो है। आपकी पत्नी, प्रार्थना कर रही है। आपके ह्रदय पर बोझ है। समझे। यह आपकी पत्नी की माँ के लिए है।

ये सही बात है। आप विश्वास करते है कि परमेश्वर मुझे बता सकता हैं कि आपकी पत्नी की माँ के साथ क्या गलत है? मैं आपको नहीं जानता। हम एक दूसरे के लिए अजनबी हैं। तो क्या यह सही है? आप विश्वास करते है कि परमेश्वर मुझे बता सकता हैं कि उनके साथ क्या गलत है? वो यहां पर नहीं है। मैं एक बड़ी दूरी को देखता हूं; वह यहां से पूर्व में है। वह ओहियो में है। ये सही बात है। वो लहू की बीमारी से पीड़ित है। आपकी पत्नी उस रूमाल को वहां लिए हुए है, वो रो रही है, रूमाल को पत्नी की माँ पर रख दे। संदेह ना करे; वह चंगी हो जायेगी। यह विश्वास करते है?

122 यहां ठीक मेरे सामने एक छोटी सी महिला बैठी हुई है। वो रो रही है। उस बच्चे के साथ कुछ तो गलत है, मैं नहीं जानता... नहीं, यह कुछ भी गलत नहीं है। उसके पास बस एक इच्छा है। वह पवित्र आत्मा के बपतिस्मा को पाने की इच्छुक है। यह **यहोवा यो कहता है**। विश्वास करे, बच्चे, आप इसे पाने जा रहे हैं। यह सही है। आप संदेह ना करे।

123 यहां एक महिला बैठी हुई है, बैठने की कतार के अंत में। वह प्रार्थना कर रही है। मैं उसके लिए एक अजनबी हूं, लेकिन उसके ऊपर छाया है। आपका ऑपरेशन हुआ था। क्या हम एक दूसरे के लिए अजनबी हैं, मैं सोचता हूं। मैं आपको नहीं जानता। आप मुझे नहीं जानती, केवल, हो सकता है आप अभी मुझे सुन रही है। आप यहां से नहीं है। आप हमारे बीच एक अजनबी है। आप विस्कॉन्सिन से हैं। शहर का नाम मिल्वौकी है। और आपकी परेशानी कैंसर है; यह स्तन पर है। ऑपरेशन के बाद ऑपरेशन हुआ है, फिर भी सफल नहीं हुआ है। वो विश्वास होने दो, जिसने उसके वस्त्र के किनारे को छुआ, इसे ठीक अभी विश्वास करे। अपने ह्रदय में इसे उतार दे; ये पूरा हो जायेगा। विश्वास रखे!

124 एक व्यक्ति यहां कोने में बैठा हुआ है। वह अपनी माँ के लिए प्रार्थना कर रहा है। वह मेरे लिए एक अजनबी है। मैं उसे नहीं जानता। लेकिन वह अपनी मां के लिए प्रार्थना कर रहा है। और उसकी मां के साथ भी वही बात है जो इस महिला के साथ था, कैंसर। या, वह इससे डरती है, जो यह है। वहां एक व्यक्ति है जिसके लिए आप प्रार्थना कर रही हैं, और उस व्यक्ति के पास, उसकी पीठ की समस्या है। वो भी, मैं उसे नशे में धुत देखता हूं। वह एक शराबी है। वो आपका भाई है। आप यहां से नहीं

हैं। आप इलिनोइस से हैं। आप विश्वास करती है कि परमेश्वर मुझे बता सकता हैं कि आपका नाम क्या है? फार्मर। क्या यह सही है? अपना हाथ ऊपर उठाये। विश्वास करे!

125 वहां कोई तो है किसी के लिए तो वहां ऊपर घुटने टेककर, प्रार्थना कर रहा है, कोई तो खाट पर लेटा हुआ है। तो ठीक है। क्या आप विश्वास करते है जो आपने सुना है, यह सच है, महिला? आप करती है। यदि मैं आपको चंगा कर सकता हूं, तो मैं इसे करता। लेकिन आप पहले से ही मसीह के द्वारा चंगे हो चुके हैं, आप देखे। आपको बस विश्वास करना है। वह महिला वहां खड़ी है, जो प्रार्थना कर रही थी, आपके इस्पर्स के लिए प्रार्थना कर रही थी। मैं आपको नहीं जानता, लेकिन परमेश्वर आपको जानता है। आप शहर से बाहर के भी हैं। यह सही है। आप इलिनोइस से हैं। यह बिलकुल ऐसा है। उस शहर को पूर्व मोलिन, इलिनोइस कहा जाता है। [बहन कहती है, "यही वो शहर है जहाँ मेरा जन्म हुआ था।"—सम्पा।] आप कैंसर से पीड़ित हैं। आप सेवक की पत्नी हैं। क्या आप विश्वास करती हैं? ["जी हाँ।"] आप वहां पडी–पडी मर जायेगी। आप क्यों उसे आज रात को स्वीकार नहीं करती, और कहती, "मैं विश्वास कर सकती हूं, अपने ह्रदय में, अपने विश्वास के साथ उससे ऊपर जो कुछ भी यहां है, मैं विश्वास करती हूं कि मैं चंगी हो गयी हूं। मैं परमेश्वर की उपस्थिति में हूं।" उठो, विश्वास करो, और घर जाओ और चंगी हो जाओ। वहां है वो।

आप अपने पुरे ह्रदय से विश्वास करते हैं? [सभा आनंद करती है—सम्पा।] आइये हम प्रभु की स्तुति करे।

126 स्वर्गीय पिता, हम आपको धन्यवाद देते हैं, आपकी अच्छाई और दया के लिए। हम आपको धन्यवाद देते हैं क्योंकि आप अब भी यहां पर हैं, ठीक यहां इन सारी तकलीफों के हमारे बीच में। इस संसार में जो दूषित हो गया है, फिर भी आप यहां पर हैं। आपका आत्मा, प्रभु, हमेशा हमारे साथ बना रहे। हम देखते हैं कि आप यहां हैं, परमेश्वर उस पर खाल के साथ है, मनुष्य के ह्रदय में; विश्वास, और प्रकाशन और दर्शन को देते हुए। आप अपनी कलीसिया में परमेश्वर है, परमेश्वर है आपके लोगों में। हम इसके लिए धन्यवाद करते हैं, प्रभु। और होने पाए हर एक जन आज रात विश्वास

करता है, एक चित होकर, और होने पाए वे चंगे हो जाये। यीशु मसीह के नाम के जरिये से, मैं प्रार्थना करता हूं। आमीन।

127 कितने लोगो के पास *उस* तरफ प्रार्थना का कार्ड हैं? उन्हें यहां *उस* ओर करे, पीछे जाये, सीधे *इस* गलियारे के बीच में होकर आये। उन्हें *उस* गलियारे, पर से लेकर, वे सीधे *इस* रास्ते से आ जाये, बस अपने स्थान को ले ले, सीधे *इस* रास्ते से आ जाये। वे, जैसे ही वे समाप्त कर लेते हैं, *यह* पंक्ति अगले बाजु से पकड कर आ जाये।

128 प्राचीन यहां आ जाये। भाई रॉय, प्रभु आपको आशीष दे; नहीं जानता था कि आप वहां पर बैठे हुए थे। मैं चाहता हूं डिकन लोग तुरंत ही यहां आ जाये, क्या वे आ सकते, वे जहाँ कहीं भी हो। थोड़ी सहायता के लिए यहां पर आ जाये।

मैं चाहता हूं कि हर एक जन जिसके लिए प्रार्थना की जानी है, अपना हाथ उठाये, मेरे पीछे इसे बोले।

प्रभु, [सभा कहती हैं, "प्रभु,"—सम्पा।] मैं विश्वास करता हूं। ["मैं विश्वास करता हूं।"] आप मेरे अविश्वास में सहायता करेंगे। ["आप मेरे अविश्वास में सहायता करेंगे।"] मैं विश्वास करता हूं। ["मैं विश्वास करता हूं।"] कि आपकी उपस्थिति में, ["कि आपकी उपस्थिति में,"] जैसे मैं आपके वचन का पालन करता हूं, ["जैसे मैं आपके वचन का पालन करता हूं।"] और मुझ... आज रात हाथों को मुझ पर रखा जाता है, ["आज रात हाथों को मुझ पर रखा जाता है,"] मैं अपनी चंगाई स्वीकार करने जा रहा हूं, ["मैं अपनी चंगाई स्वीकार करने जा रहा हूं,"] यीशु के नाम में। ["यीशु के नाम में।"] आमीन। ["आमीन।"] परमेश्वर आपको आशीष दे।

129 अब ध्यान दे। "विश्वास की प्रार्थना से बीमार बच जायेंगे। यदि वे बीमारों पर हाथ रखेंगे, तो वे चंगे हो जायेंगे।" उसने नुह को बताया कि ये बारिश होने वाली थी। यह कभी नहीं—वह कभी नहीं... मैंने कभी नहीं कहा, "जैसे ही—जैसे आप के लिए प्रार्थना की जाती है, आप चंगे हो जायेंगे।" उसने कहा, "वे चंगे हो जायेंगे।"

130 उसने कहा कि यह बारिश होने वाली थी। वो बारिश कभी भी एक सौ बीस वर्षो तक नहीं हुई, लेकिन बारिश हुई।

अब्राहम को बताया कि उसे साराह से एक बालक होने वाला था। यह पच्चीस वर्षों तक कभी नहीं हुआ, लेकिन यह हुआ था।

यशायाह को बताया एक कुंवारी गर्भ को धारण करने जा रही थी। यह आठ सौ वर्षों के लिए कभी नहीं हुआ, लेकिन वो गर्भवती हुई थी।

क्या यह सही है? उसने इसकी प्रतिज्ञा की! कोई फर्क नहीं पड़ता कि कितना समय लगता है, वह इसे किसी भी तरह करता है। आप इसे विश्वास करे।

131 अब आगे आये। भाई केप्स गीतों की अगुवाई करे। क्या आप कार्ड को आगे करेंगे? अब हर एक जन प्रार्थना में रहे।

132 हमारे स्वर्गीय पिता, हम इन बीमार लोगों पर हाथो को रखने के द्वारा आपकी आज्ञाओ का पालन करने जा रहे हैं। मैं इसके अलावा एक बात भी नहीं जानता जिसे आप कर सकते हैं, प्रभु, क्योंकि आपने अपने वचन में कहा है, आपने उनकी चंगाई को खरीदा है। आपने इसे साबित किया है कि आप आज रात हमारे साथ हैं, वो वचन जो ह्रदय में आने वाले विचारों को जाँच सकता है। आपने यह साबित किया हैं, कि आप हमारे बीच में हैं। और मैं प्रार्थना करता हूं, पिता, कि आपका वचन, जो असफल नहीं हो सकता, ये हर एक ह्रदय के लिए, इतना वास्तविक बनाया जाएगा! जो आपने कहा था, "यदि तुम इस पर विश्वास कर सकते हो; संदेह नहीं करे, लेकिन इसे विश्वास करे; इस पहाड़ से कहे, 'हट जा', और संदेह ना करे, लेकिन इसे विश्वास करे कि यह पूरा हो जाएगा!" उसने नहीं कहा कब पूरा होगा।

133 आपने पेंटीकोस्ट पर, वहां ऊपर जाकर और रुकने के लिए कहा। आपने कभी भी समय को, दिन को नहीं बताया; आपने कहा, "तब तक।" अब वे अपनी चंगाई को स्वीकार करने के लिए आ रहे हैं। होने पाए वे इसके आलावा कुछ नहीं सोच सकते हैं, सिवाय इसके कि वे चंगे हुए हैं, जब तक कि उनका छुटकारा नहीं होता है। हम उन पर अपने हाथो को रखने के द्वारा आपकी आज्ञा का पालन करते है, विश्वासियों के नाई। यीशु मसीह के नाम में। आमीन।

134 तो ठीक है, अब ठीक आगे आ जाये। [भाई ब्रंहम और भाई लोग, लोगो पर हाथ को रखते है और प्रार्थना की पंक्ति में हर एक के लिए प्रार्थना करते है। टेप पर खाली स्थान—सम्पा।] आप चंगे हुए हैं। परमेश्वर आपको आशीष दे। आगे बढ जाये। अच्छी बात है!... ? ... [टेप पर खाली स्थान।]

सब कुछ संभव हैं, केवल विश्वास करो;
विश्वास करो, विश्वास करो,
सब...

प्रभु यीशु, मैं अब इन रूमालो के लिए प्रार्थना करता हूं, यीशु मसीह के नाम में। आमीन।

सोचता हूं यदि हम उन शब्दों को बदल सकते हैं:

अब मैं विश्वास करता हूं, अब मैं विश्वास करता हूं,
सब कुछ संभव हैं, अब मैं विश्वास करता हूं;
अब मैं विश्वास करता हूं, अब मैं विश्वास करता हूं,
सब कुछ संभव हैं, अब मैं विश्वास करता हूं।

135 क्या आप यह विश्वास करते हैं कि जो मांगा गया है और जो इच्छा को रखा गया है, वो प्रदान किया जाएगा? [सभा कहती हैं, "आमीन।"—सम्पा।] यह हो जायेगा।

136 मैंने देखा, कुछ समय पहले पंक्ति से गुजरते हुए, शिकागो से मेरे कुछ इटालियन मित्रो को। कितने लोग शिकागो से बहन बोटाज़ी को जानते है? तो ठीक है, आप जानते है, उसे एक—एक मानसिक रोग था, अभी हाल ही में बहुत, बहुत ही बुरी तरह से उसकी नसे फटने लगी थी। लेकिन सुबह को क्रिस्चियन बिसनेस मेंस के नाश्ते पर, शिकागो में, मैंने पवित्र आत्मा की प्रेरणा के नीचे बहन को बताया। वह एक तरफ से वापस आयी, और वह कुल मिलाकर बस खुद को नहीं रोक पायी थी। और मैंने कहा, "बहन, आप इससे तुरंत ही चंगी नहीं हो जायेगी, लेकिन आप चंगी होने जा रही है।" मैंने कहा, "यह या तो अठारह महीने होगा, या दो वर्ष, ठीक बराबर समझ लो आप चंगी हो जाएगी।"

137 एक दिन उसके साथ बात करते हुए... मैंने उसे गवाही देते हुए सुना, वो बहुत ही खुश थी, वह अब तक उसके जीवन काल में सबसे अधिक खुश थी। वह एक कार में जा रही थी। उसे कोई शांति नहीं थी, ऐसा दिखाई देता था कि परमेश्वर की उपस्थिति उससे दूर चली गयी है; अवश्य ही, यह मानसिक रोग था, आप जानते हैं; और अचानक ही ये खुशी की एक बड़ी उमंग के साथ लौटी, और पवित्र आत्मा की सामर्थ उस पर थी। उसके आंसू गिरने लगे, वह रोने लगी, वह—वह... उनके पास एक महान समय था, बस लगभग तीन या चार हफ्ते पहले, या एक महीने पहले। और मैंने

उसकी गवाही सुनी, उसके पिछले रविवार को, और उसने कहा, "भाई ब्रंहम, जब मैं वापस आयी, मैंने इस बात पर गौर किया और उस टेप को लिया। और यह उस दिन से लेकर ठीक अठारह महीने पहले की बात थी।" आमीन।

क्या आप उससे प्रेम करते हैं? [सभा कहती हैं, "आमीन।"—सम्पा।] क्या वो अद्भुत नहीं है? ["आमीन।"]

138 अब, वही पवित्र आत्मा, जो सही–सही भविष्यवाणी कर सकता है, इन सारे वर्षों में बिना एक बार भी चूके; और, उनके वचन के जरिये से, आज आपको यह प्रकट करने की कोशिश की है कि परमेश्वर ऐसे ही पहले की कोई वस्तु नहीं है या कुछ तो ऐतिहासिक चीज हो। वो एक जीवित है, वर्तमान काल है, उसका वचन प्रकट हुआ है। स्वयं मनुष्य के पर्दे में छिपा हुआ है, उसकी कलीसिया में, अपने आप को प्रकट कर रहा है, आपके विश्वास और मेरे विश्वास के द्वारा, एक साथ आते हुए, परमेश्वर की इकाई को बना रहा है। मैं आपके बिना कुछ नहीं कर सकता; ना ही आप मेरे बिना कुछ कर सकते है; ना ही परमेश्वर के बिना कुछ भी कर सकते है। तो, यह एक साथ इकाई को, उस जोड़ को बनाता है। परमेश्वर ने मुझे उद्देश्य के लिए भेजा है; आप इसे विश्वास करते है; और वहां यह घटित होता है। बस ऐसा ही है, देखो, पूरी तरह से साबित हुआ है।

मैं चिंता नहीं करता कि आपके साथ क्या गलत है, किसी और ने क्या कहा है; यदि, आपके ह्रदय से, आप विश्वास करते हैं कि आप पूरी तरह से ठीक होने जा रहे हैं, तो कोई भी कभी इसे रोक नहीं सकता है। उसने ऐसा कहा। और उसने कहा, "आकाश और धरती टल जायेंगे, लेकिन मेरा वचन असफल नहीं होता है।" आप यह विश्वास हैं? [सभा कहती हैं, "आमीन।"—सम्पा।]

139 कितने लोग मेरे लिए प्रार्थना करेंगे जब मैं दुसरे सभाओ में जाता हूं? [सभा कहती हैं, "आमीन।"—सम्पा।] मैं ही हूं जिसे प्रार्थना की आवश्यकता है। समझे? सबने मुझसे मुंह मोड़ लिया है, देखो, लेकिन आप लोग, और अब भी वहां पर बीज है।

140 मैंने दक्षिण अफ्रीका में एक पत्र को भेजा। वे तब तक मुझे अंदर आने नहीं देंगे जब तक कि मैं एक कागज पर हस्ताक्षर ना करूं कि मैं, "बपतिस्मा लूंगा, वहां पीठ इस ओर करके, हर एक के लिए, तीन बार; एक बार पिता

के लिए, और एक बार पुत्र के लिए, और पवित्र आत्मा, आगे की मुंह करके लेना है। दूसरी तरफ से, मुझे पीठ की ओर को बपतिस्मा लेना है, एक पिता के लिए... और सिखाना है यह सिद्धांत था।"

मैंने उन्हें एक पत्र लिखा। मैंने कहा, "पवित्र आत्मा पिछले कुछ वर्षों से यत्न करते आ रहा है, कि मुझे अफ्रीका में फिर से लेकर जाये। वह मेरी सेवकाई का उपयोग करना चाहता है जहाँ तीस हजार लोगो ने एक दोपहर को मसीह को स्वीकार किया था।" मैंने कहा, "याद रखना, उन प्राणों का लहू आप पर है, मुझ पर नहीं। मैंने वहां पर आने की बात को रखा है, लेकिन आप इसे नहीं करना चाहते।"

मैं सोचता हूं इस दिन में क्या होगा जब यीशु, उस परमेश्वर के पुत्र से, कलीसिया मुंह मोड़ लेती है, वचन को अस्वीकार कर दिया जाता है? लेकिन इस सब के बाद में—में, वह अब भी अपने लोगों के लिए अपने आप को को प्रकट करवाता रहा है। क्या आप इसके लिए आभारी नहीं हैं? [सभा कहती हैं, "आमीन।"—सम्पा।]

141 और मेरे सामने से आज रात लोग गुजरे, मैंने उन पर हाथ रखा, कुछ बुजुर्ग महिलाये थी, कुछ युवा, कुछ बूढ़े, कुछ जवान पुरुष, बूढ़े पुरुष, तब जैसे मैं पसीने से भीग रहा था। मैंने सोचा, "वहां पर बैठे हुए, वहां पर बैठकर इस वचन को सुनना, बाकी का संसार सोचता है कि यह पागलपन है।" समझे? वे हैं—वे पेच (बोल्ट) हैं। देखो, परमेश्वर यहां पर है कि आपको इससे पेच करने के लिए, आपको आपकी बीमारी से बाहर खीचने के लिए। यह एक वचन की प्रतिज्ञा है। बस याद रखना, यह कसना आरंभ करेगा, "मैं उन्हें खींच लूंगा; यदि मैं उठा लिया जाता हूं, तो मैं उन्हें खींच लूंगा।" वह इसे आपमें से बाहर खींच लेगा। वह निश्चय ही करेगा। आप केवल उस पर विश्वास करे, उस पर भरोसा रखे। उस पर संदेह न करें। उस पर विश्वास करे।

142 मेरे लिए प्रार्थना करे। जब आपके पास प्रार्थना करने के लिए कोई और नहीं है, तो बस मुझे याद रखना।

और हमारे मिलने तक! हमारे मिलने तक!

हमारे मिलने तक...

दूर–दूर से आने के लिए धन्यवाद। जब आप घर जाते है परमेश्वर आपकी रक्षा करें!

हमारे मिलने तक...

सारे मसीह लोगो से मिले, उन्हें अभिवादन करें, यहां इस झुण्ड से। परमेश्वर की शांति आप पर हो! शालोम!

हमारे फिर से मिलने तक परमेश्वर आपके साथ हो!

[भाई ब्रंहम गीत को गुनगुनाते है *परमेश्वर आपके साथ हो*—सम्पा।]

... हमारे मिलने तक!
... यीशु के चरणों में;
हमारे मिलने तक! हमारे मिलने तक!
हमारे फिर से मिलने तक परमेश्वर आपके साथ हो!

143 मैं बहुत खुश हूं। आप देखते हैं, कुछ चीजें हैं, बहुत सी चीजें जो मैं नहीं जानता हूं, लेकिन कुछ चीजें हैं जो मैं जानता हूं। मैं आपके लिए बहुत आभारी हूं। मुझे आपके साथ जुड़कर बहुत खुशी हो रही है। मुझे आप में से एक होने में खुशी है। परमेश्वर आपके साथ हो। वह होगा। वह आपको कभी नहीं छोड़ेगा। वह आपको कभी नहीं त्यागेगा। वह आपको नहीं छोड़ता है। आपने अब पर्दे में से होते हुए देख लिया है। समझे?

144 आज रात को यहां पर जॉर्जिया के हमारे एक सहयोगी पास्टर भाई पामर को देखकर बहुत खुशी हुई। भाई जूनियर जैक्सन कहीं तो इमारत में है, वहां पीछे कोने में, उन्हें यहां पाकर हमें खुशी हुई। भाई डॉन रुडेल यहां पर बैठे हुए है। ओह, बहुत से है! मैं नहीं जानता, यदि मैं किसी को भूल जाता हूं तो... भाई बेन ब्रायंट यहां पर है, और बहुत से दूसरे यहां पर है, भले भाई, विलार्ड कॉलिन्स। हम यहां आप सभी को पाकर बहुत खुश हैं।

मैं सोचता हूं क्या हम बस हमारे पैरों पर खड़े होंगे, अब बस कुछ क्षण के लिए। अब आइये हमारे सिर को झुकाये।

हमारे मिलने तक! हमारे मिलने तक!
हमारे मिलने तक यीशु के चरणों में; हमारे मिलने तक!
... हमारे मिलने तक!
हमारे फिर से मिलने तक परमेश्वर आपके साथ हो!

145 क्या आप आत्मा के साथ संगती की निकटता को महसूस करते है?

आइये हम इसे गुनगुनाये। [भाई ब्रंहम और सभा के लोग गुनगुनाते है *परमेश्वर आपके साथ हो*—सम्पा।]

मैं देखता हूं हमारे साथ भाई मैककिनी, ओहियो से है। भाई जॉन मार्टिन और उनके भाई। आप सभी को पाकर बहुत खुशी है। मैं आपको देख भी नहीं सका, भाइयों। वो आपको जानता है।

हमारे मिलने तक! होने पाए मेरा ह्रदय और आपका ह्रदय, प्रभु के ह्रदय के साथ, एक हो हमारे मिलने तक! [भाई ब्रंहम और सभा के लोग गुनगुनाना जारी रखते है *परमेश्वर आपके साथ हो*—सम्पा।]

(मैं समाप्त करने के लिए किसी से तो कहूंगा... ? ...)

जैसे हम प्रार्थना में अब सिर को झुकाते हैं।

146 कोशिश करे हर एक सवाल जाने कि हम यहां पाकर खुश हैं, सारे साधारण जन, आप लोग जो टेनेंसी से है, ओहियो से, और देश भर से। कुछ महिलाओ से आज मैं वहां पर मिला, जो वहां बहुत दूर बोस्टन से है। हमारे अश्वेत भाई आज सुबह यहां थे, जो वहां है वे भी दूर से आये थे। सो देश के विभिन्न भागो से बहुत से लोग आये है; मैं आपको धन्यवाद देता हूं, मेरे प्यारे सच्चे मित्र। प्रभु आपके साथ हो। मैं आपको अपना मित्र कहता हूं। याद है कि यीशु ने इसके बारे में क्या कहा था? "यहां तक एक भाई से भी नजदीक," जी हाँ, एक मित्र। जब हम अपने सिर को झुकाते हैं... जब तक हम अगले कुछ दिनों में फिर से मिले, परमेश्वर आपके साथ हो।

147 मैं अपने भले, निष्ठावान भाई, भाई रिचर्ड ब्लेयर से कहूंगा, क्या वो प्रार्थना के शब्दों से हमारे लिए समाप्त नहीं करेंगे। भाई ब्लेयर।

अनोखा व्यक्ति HIN64-0614E

(The Oddball)

यह सन्देश हमारे प्यारे भाई विलियम मेरियन ब्रंहम के द्वारा मूल रूप से इंग्लिश में रविवार शाम, 14 जून, 1964 को ब्रन्हम टेबरनेकल, जेफ़रसनविले, इंडियाना, यु.एस.ए में प्रचारित किया गया। जिसे चुम्बकीय टेप रिकोडिंग से लिया गया है और इंग्लिश में विस्तृत छापा गया है। इस हिंदी अनुवाद को वोइस ऑफ गॉड रिकोडिंग के द्वारा छापा गया और बांटा गया है।

HINDI

©2020 VGR, ALL RIGHTS RESERVED

VOICE OF GOD RECORDINGS, INDIA OFFICE
19 (NEW NO: 28) SHENOY ROAD, NUNGAMBAKKAM
CHENNAI 600 034, INDIA
044 28274560 • 044 28251791
india@vgroffice.org

VOICE OF GOD RECORDINGS
P.O. BOX 950, JEFFERSONVILLE, INDIANA 47131 U.S.A.
www.branham.org

कोपी राईट सूचना

सारे अधिकार सुरक्षित है। यह पुस्तक व्यक्तिगत प्रयोग या मुफ्त में देने और एक औजार के समान यीशु मसीह का सुसमाचार फैलाने के लिये
घर के प्रिंटर पर छाप सकते हैं।

इस पुस्तक को बेचना, अधिक मात्रा में फिर से छापना, वेब साईट पर डालना, दुबारा छापने के लिये सुरक्षित रखना, दूसरी भाषाओं में अनुवाद करना या धन प्राप्ति के लिये निवेदन करना निषेध है। जब तक की वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग कि लिखित अनुमति प्राप्त ना कर ली जाये।

अधिक जानकारी या दूसरी उपलब्ध सामग्री के लिये कृपया संपर्क करें:

वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग्स

पोस्ट बोक्स 950 जैफरसन विले, इन्डियाना 47131 यू. एस. ए.

www.branham.org